सहज™

# वार्षिक रिपोर्ट एवं वित्तीय विवरण

## वित्तीय वर्ष 2017-2018



सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड


सहज दूध का वादा, ताज़गी और भी ज़्यादा
सहज
Saahaj
छाछ
Buttermilk
Saahaj
Dahi
MADE FROM PASTEURISED TONER MILK
TASTIER HEALTHIER
Vitamin A
Helps in Preventing Night Blindness
Vitamin D
Supports Strong Bones
Saahaj
TAAZA
PASTEURISED
TONED MILK
पाश्च्युरीकृत टोन्ड दूध
दुग्ध उत्पादकों की अपनी कम्पनी
Saahaj
SLIM & SMART
PASTEURISED
SKIMMED MILK
पाश्च्युरीकृत स्किम्ड दूध
दुग्ध उत्पादकों की अपनी कम्पनी
Saahaj
FIT N FINE
PASTEURISED HOMOGENISED
DOUBLE TONED MILK
दुग्ध उत्पादकों की अपनी कम्पनी
Saahaj
GOLD
PASTEURISED
FULL CREAM MILK
पाश्च्युरीकृत फुल क्रीम दूध
दुग्ध उत्पादकों की अपनी कम्पनी
प्रदेश में पहली बार विटामिन A एवं D युक्त दूध

## निदेशक मण्डल

| | |
|---|---|
| श्री महेश चन्द्र (डी.आई.एन. 06965523) | अध्यक्ष एवं निदेशक |
| श्री दिग्विजय सिंह (डी.आई.एन. 06963747) | निदेशक |
| श्री चन्द्र पाल सिंह (डी.आई.एन. 06964687) | निदेशक |
| श्रीमती सुनीता (डी.आई.एन. 07081946) | निदेशक |
| श्री जवाहर लाल (डी.आई.एन. 07081926) | निदेशक |
| श्री मुरारी लाल (डी.आई.एन. 06966195) | निदेशक |
| श्रीमती अखिलेश (डी.आई.एन. 07051619) | निदेशक |
| श्री अनिल कुमार (डी.आई.एन. 07464066) | निदेशक |
| श्री रजनीश कुमार (डी.आई.एन. 07894245) | निदेशक |
| श्री शिव प्रताप (डी.आई.एन. 07894230) | निदेशक |
| श्री अजय कुमार खोसला (डी.आई.एन. 01854876) | विशेषज्ञ निदेशक |
| श्री श्रीराम सिंह (डी.आई.एन. 06895219) | विशेषज्ञ निदेशक |
| श्री वेंकटा राजू केसीराजू (डी.आई.एन. 06420949) | विशेषज्ञ निदेशक |
| श्री ऋषिराज सिंह (डी.आई.एन. 07005277 ) | निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी |

## कंपनी सचिव

श्री वरूण वर्मा

## वैधानिक अंकेक्षक

मैसर्स एस.बी.बिल्लीमोरिया एण्ड कंपनी
चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स
गुरुग्राम, हरियाणा

## बैकर्स

एच.डी.एफ.सी. बैंक, अलीगढ़
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, आगरा
इंडसइंड बैंक, आगरा
एच.डी.एफ.सी. बैंक, दिल्ली
एच.डी.एफ.सी. बैंक, आगरा

## पंजीकृत कार्यालय

**सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड**
(सिन : U01403UP2014PTC066595)
क्रॉस रोड्स मॉल, द्वितीय तल, प्लाट नं. 5 एवं 6, सेक्टर–13,
आवास विकास कॉलोनी, सिकन्दरा योजना, सिकन्दरा बोदला रोड,
आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत
दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com
Website : www.saahajmilk.com

## आंतरिक अंकेक्षक

अरनेस्ट एण्ड यंग एलएलपी
चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स
गुरुग्राम, हरियाणा

## रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर्र एजेन्ट्स

लिंक इनटाइम इण्डिया प्रा. लि.
44, कम्प्यूनिटी सेन्टर, द्वितीय तल,
नारायणा इण्डस्ट्रियल एरिया, फेस–1
पी.वी.आर. नारायणा, नई दिल्ली–110028

## अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष सन्देश | 3 |
| 2. | निदेशकों की रिपोर्ट | 4–17 |
| 3. | स्वतन्त्र अंकेक्षकों की रिपोर्ट | 18–27 |
| 4. | वित्तीय विवरण 01 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2018 तक | |
| | (अ) आर्थिक चिट्ठा | 28 |
| | (ब) लाभ–हानि विवरण | 29 |
| | (स) रोकड़ प्रवाह विवरण | 30 |
| | (द) नोट्स जो की वित्तीय विवरण का हिस्सा है | 31–52 |
| 5. | पाँचवीं वार्षिक साधारण सभा का सूचना पत्र एवं सम्बन्धित अनुलग्नक | 53–70 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

## कम्पनी के मूल्य, ध्येय एवं दीर्घदृष्टि

## मूल्य

★ ईमानदारी

★ दूरदर्शिता

★ गुणवत्ता

★ पारदर्शिता

★ टीम-भावना

★ साहस और जुनून

★ जागरूकता और जिम्मेदारियाँ सभी स्तर पर

★ समय तत्परता

## ध्येय

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी अपने सदस्यों के दूध की प्रतिस्पर्धात्मक कीमत देते हुए और दूध उत्पादन बढ़ाने तथा लागत खर्च कम करने के लिए आवश्यक सेवाएँ प्रदान करते हुए उनके दूध व्यवसाय से अर्जित लाभ को बढ़ाने के लिए कृत संकल्प है।

## दीर्घ दृष्टि

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी दूध व्यवसाय के क्षेत्र में देश की अग्रणी कम्पनी होगी तथा दूध उत्पादकों, उपभोक्ताओं और कर्मचारियों की पहली पसंद होगी।

(नोट : हिन्दी भाषा में अनुवादित दस्तावेजों में किसी भी अस्पष्टता पाये जाने पर अंग्रेजी भाषा में लिखित दस्तावेज ही अन्तिम रूप से मान्य होंगे)

# अध्यक्ष संदेश

प्रिय शेयरधारक साथियों,

चतुर्थ वित्तीय वर्ष 2017–2018 के लिये सहज दुग्ध उत्पादक कम्पनी लिमिटेड के प्रदर्शन पर एक बार फिर से आप सभी सदस्यों को अवगत कराते हुये मुझे अत्यन्त हर्ष हो रहा है।

पिछला वर्ष चुनौती पूर्ण होते हुए भी कम्पनी का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। कम्पनी ने रू. 773.19 करोड़ का कारोबार किया एवं रू. 6.59 करोड़ कर अदा करने के बाद रूपये 12.15 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

आपके निदेशकों ने लाभांश की अनुशंसा का प्रस्ताव पारित किया है, यह लाभांश उन सदस्यों को मिलेगा, जिनका नाम सदस्यों के रजिस्टर में 31 मार्च, 2018 की अवधि तक अंकित हुआ है।

कम्पनी ने अपने उन सक्रिय उत्पादक सदस्यों को रूपये 2.37 करोड़ का प्रोत्साहन दिया है। जिन्होंने सदस्यता के मानदण्डों के अनुसार सभी शर्तों को पूरा किया है। कम्पनी ने किसानों को प्रोत्साहित करने के लिये उन्हें कम्पनी का उत्पादक सदस्य बनाना तथा उनकी आजीविका को सुचारू रूप से चलाने के लिये छोटे डेयरी किसानों को प्रशिक्षित किया।

वित्तीय वर्ष 2017–18 में कम्पनी ने राष्ट्रीय डेयरी योजना के प्रथम चरण के तहत 18.40 करोड़ किलोग्राम दुग्ध का उपार्जन किया है। इसके अतिरिक्त आहार संतुलन कार्यक्रम को किसान के घर तक पहुँचाने के लिये बड़े पैमाने पर प्रयास किये गये है। पशु चारा ''सहज सुदाना'' और चिलेटिड क्षेत्र विशेष मिनरल मिक्सचर ''सहज मिन'' को दुधारू पशुओं की उत्पादकता को बढ़ाने के लिये उपयोग में लाया गया है। इसके अतिरिक्त कम्पनी ने 4,848 गाँव में उच्च गुणवत्ता वाली कृत्रिम गर्भाधान सेवायें प्रदान की है, और 600 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों की सहायता से 3,21,204 कृत्रिम गर्भाधान किये गये है।

कम्पनी ने महिलाओं का प्रोत्साहन बढ़ाते हुये 31% महिला सदस्यता की भागीदारी दर्ज की है।

नये वित्तीय वर्ष में प्रवेश करते हुये हमारा उद्देश्य रहेगा कि हम दुग्ध उपार्जन (प्रोक्योरमेंट) की मूलभूत संरचना को और मजबूत बनाये और सूचना तकनीकि प्रणाली पर आधारित दूध की खरीद और लेन–देन में अधिक निष्पक्षता और पारदर्शिता लाएं।

कम्पनी का पॉली पैक दूध और दुग्ध उत्पाद निरन्तर रूप से इसके वितरण क्षेत्र में लोकप्रिय हो रहे है। नये वित्तीय वर्ष में प्रवेश के साथ, कम्पनी अपने दुग्ध उत्पादों के विक्रय एवं विपणन संरचना को मजबूत करते हुये वितरण क्षेत्र के विस्तार का लक्ष्य रखती है। पॉली पैक दूध, छाछ, दही और घी जैसे बेहतर उत्पाद श्रेणी के साथ कम्पनी अपने वितरण क्षेत्र की लोकप्रिय ब्राण्डों में से एक बनने के मार्ग पर अग्रसर है, कम्पनी बाजार में बेहतर प्रतिस्पर्धा के दृढ़ संकल्प के साथ, अपने ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद, कम कीमतों पर उपलब्ध कराने और नए वितरण क्षेत्र में उद्यम करने के प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

हम हमेशा आपके सुझावों और मार्गदर्शन का स्वागत करते है।

आपका विश्वसनीय
ह./–
महेश चन्द्र
अध्यक्ष

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

## निदेशकों की रिपोर्ट

निदेशकों को आपके समक्ष 31 मार्च, 2018 तक अंकेक्षित विवरण के साथ कंपनी के संचालन सम्बन्धी चतुर्थ वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है।

**वित्तीय प्रदर्शन**

संक्षिप्त वित्तीय परिणाम निम्नानुसार है :

**रू. करोड़ में**

| विवरण | 31.03.2018 | 31.03.2017 |
|---|---|---|
| **कुल आय** | 773.19 | 497.99 |
| **खर्च सहित कुल लागत** | 754.45 | 495.18 |
| **कर से पूर्व लाभ/हानि** | 18.74 | 2.80 |
| **कर व्यय** | | |
| (1) **वर्तमान कर** | 7.21 | 0.71 |
| (2) **स्थगित कर** | (0.62) | 0.30 |
| **कुल कर खर्च** | 6.59 | 1.01 |
| **लाभ/(हानि) कर के बाद** | 12.15 | 1.79 |

हमें यह सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि वित्तीय वर्ष के दौरान कम्पनी ने रू. 773.19 करोड़ के कारोबार के लक्ष्य को प्राप्त किया है।

वित्तीय वर्ष 2017–2018 में कम्पनी का राजस्व 55.26 % की बढ़ोत्तरी के साथ रू. 773.19 करोड़ दर्ज हुआ है तथा पिछले वित्तीय वर्ष में कुल राजस्व रू. 497.99 करोड़ था। पिछले वर्ष व्यय सहित कुल लागत रू. 495.18 करोड़ थी तथा इस वर्ष व्यय सहित कुल लागत रू. 754.45 करोड़ है। कर पूर्व लाभ रूपये 18.74 करोड़ का है तथा कर के बाद लाभ रूपये 12.15 करोड़ का है। अंश जिसका अंकित मूल्य रू. 100/– है, उसकी प्रति अंश आय रूपये 76.29 है जो कि कुल पूँजी रू. 18.56 करोड़ के आधार पर है।

**सीमित लाभांश (डिविडेंड) :**

दुग्ध उत्पादक कम्पनी ने अपने सदस्यों को अंश पूँजी पर हर साल लाभांश की घोषणा के साथ–साथ, वितरण भी किया है। कम्पनी द्वारा अर्जित लाभ को ध्यान में रखते हुये 10 अगस्त, 2018 को आयोजित बोर्ड बैठक में रूपये 8/– प्रति अंश रू. 18.56 करोड़ की अंश पूँजी पर लाभांश का सुझाव दिया गया। सदस्यों की मंजूरी के अधीन, पाँचवी वार्षिक आम सभा में 31 मार्च, 2018 तक अंकित सदस्यों को लाभांश दिया जायेगा।

रूपये 8/– प्रति सामान्य अंश पर वित्तीय वर्ष में रूपये 1.79 करोड़ का लाभांश वितरण करने की घोषणा की है जिसमें रूपये 0.31 करोड़ का सीमित लाभांश कर सम्मिलित है।

**सामान्य संचय में हस्तांतरण :**

कम्पनी अन्तर्नियम के प्रावधानों के अनुच्छेद तथा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 581Z1 के तहत, निदेशक मण्डल ने वित्तीय वर्ष 2017–18 के कर के बाद शुद्ध लाभ में से रू. 10.36 करोड़ की राशि को सामान्य संचय में स्थानान्तरण करने का प्रस्ताव रखा है।

**संचालन सिंहावलोकन :**

**दुग्ध उपार्जन :**

कम्पनी ने 12 दिसम्बर, 2014 से 1,855 एमपीपी के साथ उत्तर प्रदेश के दस जिलों में अपनी वाणिज्यिक गतिविधियों की शुरुआत की थी। साढ़े तीन वर्ष के अन्तर्गत कंपनी का परिचालन 3,455 एमपीपी के साथ उपरोक्त जिलों में 2,924 राजस्व गाँवों में फैल गया हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने अपने सदस्यों से औसतन 5.04 लाख किलोग्राम प्रतिदिन दुग्ध मात्रा की खरीद की। यह उम्मीद की जाती है कि एमपीपी के माध्यम से सदस्यों से ताजा दूध खरीदकर गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुये, कंपनी द्वारा दूध को एक लाभकारी मूल्य पर बेचने में सक्षम होगी, जिससे इसके सदस्यों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में वृद्धि होगी।

कम्पनी ने निष्पक्ष और पारदर्शी उपार्जित प्रणाली के माध्यम से दूध का उपार्जन कर अपने सदस्यों का विश्वास प्राप्त कर लिया है और कंपनी शत प्रतिशत सदस्यों को उनके दुग्ध का भुगतान, बैंक खातों के माध्यम से 10 दिनों के चक्र में कर रही है। कम्पनी अपने सदस्यों को आपूर्ति किये गये दूध के लिए प्रतिस्पर्धात्मक और लाभकारी मूल्य पर भुगतान करती है।

इसके अलावा सभी एमसीसी, बीएमसी और एमपीपी को (जनरल पैकेट रेडियो सर्विसेज) जीपीआरएस

के माध्यम से जोड़ दिया गया है और अपने सभी वीएलसी मार्ग वाहनों, आंतरिक टैंकरों और बाहरी टैंकरों को जीपीएस के माध्यम से जोड़कर दूध के परिवहन की प्रणाली को और मजबूत और पारदर्शी बनाया गया है।

**भविष्य के लक्ष्य :**

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड अपनी क्रियान्वित एमपीपी को मजबूत करने के लिए इनमें सदस्यों को बढ़ायेगी, कम औसत दुग्ध उपार्जन और कम सदस्यों वाली एमपीपी बन्द करेगी। वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान कम्पनी 35% महिला सदस्यों के साथ 1.10 लाख सदस्यता वाली 3,100 एमपीपी संचालन और इसी प्रकार अपने सदस्यों से 6.05 लाख किलो दूध प्रतिदिन उपार्जन की उम्मीद करती है। कम्पनी द्वारा नये सदस्यों को जोड़ने के लिये सदस्यता नामांकन कार्यक्रम वर्ष में दो बार गर्मियों एवं फ्लश सीजन के मध्य में ही शुरू किया जायेगा। तद्नुसार, दूध उपार्जन में वृद्धि के लिए, कम्पनी परिचालन क्षेत्रों में अपने परिचालनों को पुर्न जीवित करने की प्रक्रिया में है।

**बिक्री एवं विपणन :**

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लि. ने अपने पॉली पैक दूध एवं अन्य दुग्ध उत्पादों को **''सहज''** ब्राण्ड के अन्तर्गत वर्ष 2016 में बाजार में उतारा और तभी से अपने ब्राण्ड की लोकप्रियता एवं भौगोलिक पहुँच बढ़ाने हेतु अग्रसर है।

वित्तीय वर्ष में कम्पनी द्वारा पॉलीपैक दूध की 5,415 लीटर प्रतिदिन, छाछ 1,260 लीटर प्रतिदिन और दही 83 किलो प्रतिदिन की बिक्री दर्ज की और कम्पनी द्वारा 95 मैट्रिक टन घी अपने 22 डिस्ट्रीब्यूटर एवं 700 रिटेलर जो कि आगरा, अलीगढ़, फिरोजाबाद, एटा, इटावा, मैनपुरी, मथुरा एवं वृन्दावन में स्थित है के द्वारा बेचा गया। कम्पनी हमेशा उच्च्य गुणवत्ता वाले दूध और दुग्ध उत्पादों को उपलब्ध कराने में विश्वास रखती है।

**भविष्य के लक्ष्य :**

दुग्ध और दुग्ध उत्पादकों की बिक्री में सुधार करने के लिए तथा नये बाजारों जैसे – खुर्जा, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, नोएडा और गाजियाबाद में उद्यम करने और अपने वितरण नेटवर्क का विस्तार करने की योजना बनायी है। हम मौजूदा बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए कई प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष गतिविधियाँ करेंगे जैसे कि सेल्स प्रमोटर्स द्वारा डोर टू डोर अभियान, टेस्ट सेम्पलिंग अथवा अन्य गतिविधियाँ जैसेकि एफएम रेडियो एवं समाचार पत्र द्वारा विज्ञापन।

## दूध एवं दूग्ध उत्पाद :

कम्पनी अपने उपभोक्ताओं को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में निम्नलिखित एसकेयू में उत्पादों की उच्च गुणवत्ता प्रदान कर रही है।

| प्रकार | वर्ग | संरचना (प्रतिशत) (न्यूनतम) | विभिन्न श्रेणियाँ |
|---|---|---|---|
| गोल्ड | फुल क्रीम | 6% वसा/9% वसा रहित ठोस | 500 मि.ली. |
| ताजा | टोन्ड दूध | 3% वसा/8.5% वसा रहित ठोस | 500 मि.ली. |
| फिट एन फाईन | होमोजोनाइज्ड डबल टोन्ड दूध | 1.5% वसा/9% वसा रहित ठोस | 500 मि.ली. तथा 200 मि.ली. |
| स्लिम एण्ड स्मार्ट | स्किम्ड दूध | 0.5% वसा/8.8% वसा रहित ठोस | 340 मि.ली. तथा 170 मि.ली. |
| चाय स्पेशल | होमोजिनाईज्ड डबल टोन्ड दूध | 2.5% वसा/9% वसा रहित ठोस | 500 मि.ली. तथा 200 मि.ली. |

## बटर मिल्क (छाछ) :

सहज छाछ ताजा होने के साथ–साथ स्वादपूर्ण भी है। सहज छाछ का उपयोग कढ़ी बनाने में भी किया जाता है। सहज छाछ 500 मिली. लीटर के पैक में उपलब्ध है।

## दही :

सहज दही गाढ़ा और पौष्टिक है। इसका उपयोग दैनिक आहार में किया जा सकता है तथा यह विभिन्न व्यंजन बनाने में भी उपयोग में लाया जा सकता है। यह 200 ग्राम और 400 ग्राम के पैक में उपलब्ध है।

## घी :

सहज घी ताजा होने के साथ–साथ दानेदार भी है। इसमें ब्रज भूमि की प्राकृतिक सुगंध है। यह 500 मिलीलीटर और 1 लीटर तथा 15 किलोग्राम के टिन में भी उपलब्ध है। इसका शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विपणन किया जा रहा है।

## सहज ब्राण्ड के अन्तर्गत अन्य उत्पाद :

## पशु आहार ''सहज सुदाना''

वर्ष के दौरान कम्पनी अपने **''सहज सुदाना''** ब्राण्ड के अन्तर्गत प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य पर संतुलित पशु आहार बी.आइ.एस.–II उपलब्ध करवा रही है। कम्पनी ने वर्ष 2017–18 में 5469.28 मैट्रिक टन सहज सुदाना की बिक्री की है। इस प्रकार यह गत वर्ष की विक्रय की तुलना में 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

## क्षेत्र विशेष खनिज मिश्रण ''सहज मिन''

कम्पनी ने प्रतिस्पर्धा मूल्य पर अपने दुधारू पशुओं के स्वास्थ्य, उत्पादन और प्रजनन में सुधार के लिए उत्पादकों को ''सहज मिन'' ब्राण्ड के अन्तर्गत चिलेटेड क्षेत्र विशेष (पश्चिम–उ.प्र.) खनिज मिश्रण को उपलब्ध करवा रही है। कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2017–2018 में 67.14 मैट्रिक टन सहज मिन की बिक्री की है।

## सूचना प्रौद्योगिकी :

विकास के साथ–साथ कम्पनी ने सूचना प्रौद्योगिकी में निवेश बनाये रखा है।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने सफलतापूर्वक सैप में जी.एस.टी. का कार्यान्वयन सम्पूर्ण किया है। बढ़ते हुये व्यापार संचालन को और मजबूत करने के लिए नये बुनियादी ढांचे जैसे – सर्वर, स्टोरेज, सॉफ्टवेयर इत्यादि का अधिग्रहण किया गया है।

कम्पनी ने अपने सभी एमपीपी में पुराने पेन ड्राइव आधारित डाटा प्रोसेसिंग यूनिट (डीपीयू) को जीपीआरएस सक्षम डीपीयू के साथ प्रतिस्थापित किया है जो प्रत्येक एमपीपी से जीपीआरएस के माध्यम से डेटा के वास्तविक समय संचरण को कंपनी के मुख्य कार्यालय में केन्द्रीय सॉफ्टवेयर में सक्षम बनाता है। केन्द्रीय सॉफ्टवेयर कंपनी के सभी एमसीसी, बीएमसी, एमपपी में दूध संग्रह डेटा में कंपनी के सदस्यों को भुगतान करने में समय कम करने के लिए सक्षम है।

पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए कम्पनी का आई.टी. सिस्टम अपने सदस्यों को जैसे ही वे एमपीपी में दूध डालते हैं एसएमएस एलर्ट भेजता है, वितरक को दूध और दूध उत्पाद की बिक्री के लिए चालान बनने के बाद, और भुगतान की प्राप्ति के सम्बन्ध में पुष्टि के लिए एसएमएस अलर्ट भेजती है। नामांकन प्रक्रिया के बाद कंपनी ने अपने नए सदस्यों को, प्राप्त दूध की मात्रा के लिए सहायकों को, एमसीसी इंचार्ज को बीएमसी से भेजे दूध की मात्रा के लिये एसएमएस भेजना शुरू किया।

**उत्पादक संस्था निर्माण :**

दुग्ध उत्पादक कम्पनी ने उत्तर प्रदेश के 10 परिचालित जिलों में कम्पनी के सदस्यों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें 35,000 सदस्यों ने हिस्सा लिया। स्वच्छ दुग्ध उत्पादन जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 35,000 दुग्ध उत्पादक किसान एवं महिला जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 20,000 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। महिला जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को विशेष रूप से उनके कार्य, जिम्मेदारियाँ एवं डेयरी क्षेत्र में उनकी सहभागिता और कम्पनी संचालन एवं अभिशासन विषय पर जागरूक किया गया।

दुग्ध उत्पादक कम्पनी ने ग्राम स्तर पर 5,109 सदस्यों को 1,900 एम.पी.पी. में ग्राम सम्पर्क समूह के रूप में चयनित किया तथा 2,285 सदस्यों का सदस्य सम्बन्ध समूह के रूप में निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त 2,783 ग्रामीण युवकों को ग्रामीण युवा जागरूकता कार्यक्रम के तहत डेयरी व्यवसाय के महत्व एवं आजीविका के रूप में अपनाने के लिये प्रोत्साहित एवं प्रशिक्षित किया गया। ग्रामीण स्कूल के कुल 4,240 विद्यार्थियों को डेयरी क्षेत्र की जानकारी दी गई तथा साथ ही दूध एवं दुग्ध उत्पादन के महत्व के प्रति विशेष रूप से जागृत किया गया और कम्पनी द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

निदेशक मण्डल के उन्मुखीकरण के लिए बोर्ड के सदस्यों ने मतुपत्ती केरल में केरल पशुधन विकास बोर्ड लिमिटेड (केएल डीबी) की प्रतिष्ठित पशुधन परियोजना का दौरा किया जो कि पशु प्रजनन और पशुधन प्रबन्धक की अग्रिम तकनीकों को समझने के लिए एक इंडो–स्विस परियोजना है।

**उप–परियोजना :**

कम्पनी ने राष्ट्रीय डेयरी योजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत तीन उप–परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया गया।

1. ग्राम आधारित दुग्ध उपार्जन पद्धति (वीबीएमपीएस)
2. आहार संतुलन कार्यक्रम (आरबीपी)
3. कृत्रिम गर्भाधान वितरण के लिये पायलेट मॉडल (एआई)

इन एस.पी.पी. को एन.डी.डी.बी. में पी.एम.यू. (प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट) द्वारा 31 मार्च, 2017 तक एन.डी.पी.–1 के तहत स्वीकृति दी गयी थी जिसे बाद में 2018–2019 तक बढ़ा दिया गया था।

कम्पनी एक एण्ड इम्पलीमेंटिग एजेन्सी के रूप में उप–परियोजना के तहत अपने परिचालन को उत्तर प्रदेश के दस परिचालित जिलों में लागू कर रही है।

**ग्राम अधारित दुग्ध संकलन प्रणाली :**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने 3,455 दुग्ध संग्रह द्वारा अपने सदस्यों से औसतन 5.04 लाख किलोग्राम दूध प्रतिदिन एकत्रित किया। कंपनी ने 35,000 किसानों को जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया था और इसके अतिरिक्त ग्रामीण स्तर पर क्षेत्र प्रभारी, पी.आई.बी. अधिकारी तथा सुपरवाईजरों के द्वारा भी बैठक में दुग्ध उत्पादकों को कम्पनी के बारे में अवगत कराया। सभी दुग्ध अवशीतन केन्द्रों के स्टाफ, फील्ड स्टाफ, सहायकों व अन्य स्टाफ को गुणवत्ता, आश्वासन संचालन एवं रखरखाव टीम बिल्डिंग और नेतृत्व कौशल विकास पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है।

**आहार संतुलन कार्यक्रम (आर.बी.पी.):**

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत किसान के घर पर पशु पोषण पर सलाह दी जा रही है। जिसमें कम लागत पर स्थानीय रूप से उपलब्ध खाद्य संसाधनों के कुशल उपयोग द्वारा दुधारू पशु के विकास, शरीर का रखरखाव, प्रजनन और दुग्ध उत्पादन को अनुकूलित करने के लिए किसानों को पशु के इष्टतम भोजन पर शिक्षित करके आर.बी.पी. सलाहकार सेवायें दी जाती है। कम्पनी द्वारा उत्पादकों को शिक्षित करने के लिए किसान सभाओं का आयोजन किया था।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने 596 गाँवों में अपनी आर.बी.पी. सेवायें प्रदान की है और 9,459 किसानों/सदस्यों के 10,587 दुधारू पशुओं का पंजीकरण कर आरबीपी सलाहकार ने सेवायें दी थी।

**व्यवहारिक कृत्रिम गर्भाधान वितरण के लिए पायलेट मॉडल :**

कम्पनी इस परियोजना के अन्तर्गत देश में उपलब्ध उच्च आनुवंशिकी का उपयोग करते हुए उत्पादक के घर तक गुणवत्ता वाली ए.आई. सेवाओं को उत्पलब्ध करवाती है। जिसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले बछड़ी/बछड़ों का उत्पादन करना है। वर्ष के दौरान कंपनी ने 4,848 गाँव में 600 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों के द्वारा 3,21,204 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान करवाया (42.7% गर्भादान दर या प्रथम कृत्रिम गर्भाधान के अनुसरण के आधार पर)।

**गुणवत्ता :**

कम्पनी सप्लाई चेन के दौरान गुणवत्ता प्रदान करती है। सम्पूर्ण आपूर्ति श्रृंखला के दौरान कठोर प्रक्रियाओं एवं विश्लेषण तकनीक का पालन किया जाता है जिसमें कि दुग्ध और दुग्ध उत्पादों की भौतिक रासायनिक और सूक्ष्म जैविक जाँच भी शामिल है।

हमारे दुग्ध अवशीतन केन्द्र, दूध की रासायनिक एवं जैविक गुणवत्ता की जाँच करने के साथ ही किसी भी प्रकार की मिलावट की जाँच करने हेतू पूर्ण रूप से विकसित एवं सुसज्जित है। कम्पनी ने अपने सभी अवशीतन केन्द्रों पर अत्याधुनिक एवं उच्च विश्लेषणात्मक उपकरण जैसे कि सोडियम मीटर, वोरटैक्स शेकर्स, डिजीटल बी.आर.मीटर, दुग्ध विश्लेषक, आर.एम. परीक्षण सुविधा, रैमी सेट्रीफ्यूज की सुविधा भी उपलब्ध करायी है।

गत वित्तीय वर्ष कंपनी ने दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता के लिए प्रयोगशाला प्रभारियों, कैमिस्टो, गुणवत्ता कर्मियों को अनेक प्रशिक्षण दिये गये। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हम उन्हें दुग्ध परीक्षण प्रक्रियाओं, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के मानदंडों, स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा, अच्छी उत्पादन कार्यप्रणाली, स्वच्छ दूध उत्पादन, अच्छी प्रयोगशाला प्रथाओं आदि के विषय में सम्पूर्ण जानकारी देते है। दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने के लिए कम्पनी ने एक मजबूत गुणवत्ता तंत्र स्थापित किया हुआ है।

**निदेशक :**

श्री अजय कुमार खोसला को 4 मई, 2017 को कंपनी के विशेषज्ञ निदेशक के पद पर दो साल की अवधि के लिए पुनः नियुक्त किया गया।

श्री सोमेन बिस्वास कंपनी के विशेषज्ञ निदेशक ने 25 अगस्त, 2017 को बोर्ड से इस्तीफा दिया था। श्री सुरेन्द्र कुमार, श्री शिव सिंह तथा श्री हरपाल सिंह 16 सितम्बर, 2017 को कम्पनी के निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुये थे। निदेशकों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के लिए बोर्ड उनकी प्रशंसा करता है।

श्री रजनीश कुमार और श्री शिव प्रताप को 16 सितम्बर, 2017 को कंपनी के निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया था।

श्री वेनकटा राजू केसीराजू को 12 मार्च, 2018 को कंपनी के विशेषज्ञ निदेशक के पद पर दो साल की अवधि के लिये नियुक्त किया गया था।

**बोर्ड की बैठकें :**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के व्यापार के लेन–देन के लिए समय–समय पर बोर्ड की बैठक होती है और गतवर्ष के दौरान चार बोर्ड बैठकें निम्नानुसार आयोजित की गयी।

| बोर्ड बैठकों की क्र.स. | बोर्ड बैठकों की तिथि | बोर्ड के कुल सदस्य | उपस्थिति निदेशक |
|---|---|---|---|
| 16 वीं बोर्ड बैठक | 17 जून, 2017 | 15 | 12 |
| 17 वीं बोर्ड बैठक | 16 अगस्त, 2017 | 15 | 14 |
| 18 वीं बोर्ड बैठक | 20 नवम्बर, 2017 | 13 | 12 |
| 19 वीं बोर्ड बैठक | 12 मार्च, 2018 | 13 | 13 |

**निदेशक मण्डल की संरचना और निदेशकों की नियुक्ति :**

कम्पनी के अंतर्नियमों के अनुच्छेद 9.5 में सदस्यों के संरक्षक एवं बोर्ड में उनके प्रतिनिधित्व के आधार पर विभिन्न वर्गों में जहाँ तक संभव हो सके सम्बन्धित श्रेणी के सदस्यों के संरक्षक के आधार पर वर्गीकृत करने हेतु मानदण्ड प्रदान किये गये है। तीन विभिन्न वर्गों, श्रेणी–ए, श्रेणी–बी तथा श्रेणी–सी में संरक्षण के आधार पर सदस्यों को वर्गीकृत करने के मानदण्डों को कम्पनी की प्रथम वार्षिक आम सभा में जो 11.12.2014 को हुई थी में अनुमोदित किया गया था।

आँकड़ों के विश्लेषण के आधार पर सदस्यों द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 में संरक्षक के मानदण्ड पूरे करने अथवा नहीं करने पर यह पाया गया है कि कुल सदस्यों में से 20.62 प्रतिशत सदस्यों ने ही अपनी श्रेणी के आधार पर 31 मार्च, 2018 को दिये गये संरक्षण के मानदण्डों को पूरा किया है। इसी प्रकार 20.62 प्रतिशत सदस्यों में से क्रमशः 28.73 प्रतिशत श्रेणी ए, 24.12 प्रतिशत श्रेणी बी तथा 47.15 प्रतिशत श्रेणी सी के सदस्य हैं। ए, बी एवं सी के मध्य उनके द्वारा आपूर्ति किये गये दुग्ध की मात्रा का अनुपात प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान क्रमशः 68%, 15% और 17% था। इसी प्रकार बोर्ड की संरचना में सभी वर्गों को संरक्षता के आधार पर प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए निदेशकों की संख्या क्रमशः श्रेणी ए में 7, श्रेणी बी में 2 तथा श्रेणी सी में 2 निदेशक होते है। कम्पनी अनुच्छेद 9.5 की आवश्यकताओं को निम्नलिखित प्रकार से पूरा करती है :–

**श्रेणी ए के निदेशक :**

वर्तमान में बोर्ड के चार निदेशक श्रेणी ए का प्रतिनिधित्व करते हैं।

कम्पनी के अर्न्तनियम के अनुच्छेद 9.6 के अनुसार कम्पनी के निदेशक श्री महेश चन्द्र, जो ''श्रेणी ए'' का

प्रतिनिधित्व करते हैं, कंपनी की आगामी वार्षिक आम सभा में सेवानिवृत्त होंगे।

नामांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर बोर्ड ने श्री उपेन्द्र सिंह ''श्रेणी ए'' के प्रतिनिधि को ''श्रेणी ए '' के रिक्त पद पर नियुक्त करने का सुझाव दिया है। नियुक्त होने वाले निदेशकों के नाम और योग्यता का वर्णन कंपनी की पाँचवीं वार्षिक आम सभा के नोटिस में संलग्न किया गया है।

संरक्षण मानदण्डों के आधार पर वर्ग प्रतिनिधित्व के अनुसार, ''श्रेणी–ए'' के एक निदेशक का पद रिक्त है।

**श्रेणी बी के निदेशक :**

वर्तमान में बोर्ड के 2 निदेशक, ''श्रेणी–बी'' का प्रतिनिधित्व करते है। इसलिए पाँचवीं वार्षिक आम सभा में ''श्रेणी बी'' में कोई सेवानिवृत्ति/चुनाव नहीं है।

**श्रेणी सी के निदेशक :**

वर्तमान में बोर्ड के 4 निदेशक ''श्रेणी सी'' का प्रतिनिधित्व करते हैं।

कम्पनी के अर्न्तनियम 9.6 के अनुसार श्रीमती अखिलेश और श्रीमती सुनीता, ''श्रेणी–सी'' का प्रतिनिधित्व करती है, वह कम्पनी की आगामी वार्षिक आम सभा में सेवानिवृत्त होंगी।

नामांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर बोर्ड ने श्री रवि कुमार दीपक एवं श्री राजकुमार शर्मा को जो ''श्रेणी ए'' के प्रतिनिधि है, ''श्रेणी ए'' में रिक्त पदों पर नियुक्त करने का सुझाव दिया है। नियुक्त होने वाले निदेशकों के नाम और योग्यता का वर्णन कंपनी की पाँचवीं वार्षिक आम सभा के नोटिस में संलग्न है।

कंपनी के अंतर्नियमों के अनुच्छेद 9.5 एवं 9.6 के अनुसार, कंपनी में ''श्रेणी–ए'' के 6, ''श्रेणी–बी'' के 2 एवं ''श्रेणी–सी'' के 2 निदेशक हो जायेंगे, यदि आगामी वार्षिक आम सभा में प्रस्तावित नियुक्ति का अनुमोदन होता है।

**सदस्यता एवं अंश पूँजी :**

31 मार्च, 2018 को कम्पनी की प्रदत्त पूँजी रूपये 18.56 करोड़ थी और 60,901 सदस्य थे जिनका नाम कम्पनी के अंशधारकों के रजिस्टर में अंकित था।

31 मार्च, 2018 के पश्चात् कम्पनी में 20,657 नये सदस्यों को जोड़ा गया और 12,871 सदस्यों की सदस्यता

मानदंडों को पूरा ना करने के कारण तथा सदस्यता के निरस्त/आत्मसमर्पण करने के कारण रद्द कर दी गई है। तत्पश्चात् इस रिपोर्ट की तारीख तक कम्पनी के कुल सदस्यों की संख्या 68,687 है।

**वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति एवं मतदान अधिकार :**

आज की दिनांक में 68,687 सदस्य में से,

- 12,344 सदस्यों (जिसमें श्रेणी ए, श्रेणी बी एवं श्रेणी सी के सदस्य शामिल है) जिन्होंने सम्बन्धित वर्ग के संरक्षण के सभी मानदण्डों को पूर्ण किया है उन्हें पाँचवीं वार्षिक साधारण आम सभा में सभी प्रस्तावों पर मतदान करने का अधिकार है।(उनसे सम्बन्धित अपने श्रेणी के निदेशक के चुनाव पर मतदान सहित)

- 6,713 सदस्य जिन्हें पाँचवीं वार्षिक साधारण आम सभा में सभी प्रस्तावों पर मतदान देने का अधिकार है (परन्तु सम्बन्धित श्रेणी के निदेशक के चुनाव पर मतदान का अधिकार प्राप्त नहीं है) क्योंकि उन्होंने संरक्षण से सम्बन्धित मापदण्डों को पूर्ण नहीं किया है परन्तु गत वित्तीय वर्ष 2017–2018 में कम्पनी में न्यूनतम दिन और लीटर दूध की आपूर्ति की है।

- 49,630 ऐसे सदस्य है जो पाँचवीं वार्षिक साधारण आम सभा में उपस्थित होने के योग्य है, परन्तु जिन्हें पाँचवीं वार्षिक आम सभा में प्रस्तावों पर मतदान करने का अधिकार नहीं है।

31 मार्च, 2018 के पश्चात जोड़े गये सदस्यों को लाभांश के साथ–साथ पाँचवीं वार्षिक आम सभा में मतदान के हकदार भी नहीं होंगे।

**वित्तीय वर्ष के समाप्त होने के बाद महत्त्वपूर्ण परिवर्तन :**

वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2018 के समाप्त होने के बाद कंपनी के व्यापार में कोई भी परिवर्तन नहीं हुआ है।

**व्यवसाय के स्वरूप में बदलाव :**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के कारोबार के स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

**निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण :**

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(2 AA) के अन्तर्गत कंपनी के निदेशक सदस्यों को यह सूचना देते है :

क. वार्षिक वित्तीय विवरण तैयार करते समय लागू होने वाले लेखांकन मानकों का अनुपालन भौतिक प्रस्तान से संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ किया गया है।

ख. निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया और उन्हें निरन्तर लागू किया है जो कि इतने तर्कसंगत और उपयुक्त है कि वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2018 के अन्त में कंपनी के कारोबार की स्थिति तथा इस अवधि के दौरान कंपनी के लाभ का सही एवं उचित विवरण प्रस्तुत करते है।

ग. कम्पनी के निदेशकों द्वारा कंपनी की सुरक्षा के साथ छल–कपट/धोखेबाजी को रोकने एवं बचत हेतु अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उनके रखरखाव में आवश्यक एवं उचित सावधानी बरती है।

घ. कम्पनी के निदेशकों द्वारा वार्षिक खातों को प्रगतिशील प्रतिष्ठान के आधार पर तैयार करवाया है।

**आंतरिक नियंत्रण प्रणाली :**

कंपनी में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली उचित जगह पर है जो कि यह सुनिश्चित करती है कि कम्पनी में सभी परिसम्पत्तियों और लेन–देन को सही ढंग से संरक्षित, अधिकृत किया गया है तथा उनकी रिपोर्ट दर्ज की गई।

**आंतरिक लेखा परीक्षक :**

कंपनी की आंतरिक लेखा परीक्षा मैसर्स अरनेस्ट एण्ड यंग द्वारा किया गया। अरनेस्ट एण्ड यंग, एल.एल.पी. चार्टड एकाऊटेंट्स, आंतरिक लेखा परीक्षक ने स्वतंत्र रूप से आंतरिक नियंत्रण की पर्याप्तता का बहुसंख्य में लेन–देन का मूल्यांकन किया। कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 581ZF आंतरिक लेखा परीक्षा के अनुपालन के अन्तर्गत पूर्ण करती है।

**लेखा परीक्षक :**

कम्पनी के वैधानिक अंकेक्षक, मैसर्स एस.बी.बिल्लीमोरिया एण्ड कम्पनी चार्टड एकाउन्टेण्ट्स का कार्यकाल आगामी वार्षिक साधारण सभा की समाप्ति के साथ खत्म हो जाएगा तथा योग्य होने पर पुनः नियुक्ति के लिए प्रस्ताव रखा है। कम्पनी के अंकेक्षकों से इस आशय में प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है कि यदि उनकी पुनः नियुक्ति

होती है तो वह कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 139 (1) के प्राविधानों के अनुसार होगी।

आपके निदेशक मैसर्स एस.बी. बिल्लीमोरिया एण्ड कम्पनी को वैधानिक अंकेक्षक के रूप में आगामी आम सभा में नियुक्ति करने की अनुशंसा करते हैं।

**लेखा परीक्षक की रिपोर्ट :**

अंशधारकों के लिए दी गई लेखा परीक्षक की रिपोर्ट व्याख्यात्मक है और इसमें कोई आरक्षण, योग्यता या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

**कर्मचारियों का विवरण :**

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2A) को कम्पनी (कर्मचारियों का विवरण) नियम, 1975 के साथ पढ़ा जाये, का अनुसरण करते हुए समीक्षाधीन अवधि में किसी भी कर्मचारी ने किसी भी स्थिति में पारिश्रमिक के रूप में कुल मिलाकर रू. 60 लाख वार्षिक अथवा रू. 5 लाख प्रतिमाह से अधिक राशि प्राप्त नहीं की है।

**कार्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सी.एस.आर.) :**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 465 के संदर्भ में, कम्पनी अधिनियम, 1956 के भाग IXए के प्रावधान प्रोड्यूसर कम्पनी पर यथोचित रूप से लागू होंगे, जैसे कि कम्पनी अधिनियम, 1956 निरस्त नहीं किया गया, जब तक उनके लिए एक विशेष अधिनियम नहीं बनाया जाता है। उपरोक्त प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए 15 नवम्बर, 2016 और 2 जून, 2017 को कम्पनी अधिनियम, 2013 की प्रासंगिकता के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण के लिए कम्पनी ने कार्पोरेट कार्य मंत्रालय (MCA), नई दिल्ली के समक्ष अपना प्रतिनिधित्व दाखिल किया है। कार्पोरेट कार्य मंत्रालय से स्पष्टीकरण अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। कार्पोरेट कार्य मंत्रालय से स्पष्टीकरण प्राप्त होने पर सी.एस.आर. के प्रावधानों का अनुपालन प्रारम्भ किया जायेगा।

**ऊर्जा संरक्षण, शोध एवं विकास, तकनीकी समावेश, विदेशी विनियम आय एवं निकासी :**

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (1) (ई) कंपनी अधिनियम, 1956 एवं कंपनी की धाराओं के अनुसार (निदेशक मण्डल की रिपोर्ट के विवरण का स्पष्टीकरण) नियम 1988 के साथ पढ़ा जाये, के अनुसार जानकारी इस प्रकार है :–

1. ऊर्जा प्रोद्योगिकी के संरक्षण से सम्बन्धित भाग ए और भाग बी के नियम अभी हमारी कम्पनी पर लागू

नहीं होते।

2. विदेशी विनिमय से आय तथा निकासी – आय, शून्य, निकासी – शून्य।

सामान्य कार्यालय और बिजली प्रयोजनों को छोड़कर कंपनी की कोई बिजली खपत नहीं है।

**आभार :**

कंपनी का निदेशक मंडल इस अवधि में समीक्षा के दौरान अपने सदस्यों और व्यापारिक सहयोगियों के योगदान की सराहना व्यक्त करना चाहता है। साथ ही बैंक कर्मचारियों, वैधानिक व आंतरिक अंकेक्षकों द्वारा सहयोग देने के लिए सभी का धन्यवाद करता है।

निदेशक मण्डल नेशनल डेयरी डवलपमेंट बोर्ड, डेयरी सर्विसेस, मदर डेयरी फ्रूट एण्ड वेजीटेबिल प्राइवेट लिमिटेड, वर्ल्ड बैंक के द्वारा प्रोत्साहन एवं सहयोग देने के लिए उनका आभार व्यक्त करते है।

वास्ते निदेशक मण्डल
ह./–
**महेश चन्द्र**
अध्यक्ष एवं निदेशक
डी.आई.एन. : 06965523

दिनांक : 10 अगस्त, 2018
स्थान : आगरा

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

## सदस्यों के लिए स्वतंत्र अंकेक्षकों का प्रतिवेदन

### वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

हमने सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के वित्तीय विवरण, जिसमें दिनांक 31 मार्च, 2018 को आर्थिक चिट्ठा (बैलेन्स शीट), समाप्त वर्ष के लिए लाभ–हानि विवरण तथा रोकड़ प्रवाह विवरण शामिल है और संक्षिप्त महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचनाओं का अंकेक्षण किया है।

### वित्तीय विवरणों के सम्बन्ध में प्रबंधन का दायित्व

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) में वर्णित लेखामानकों तथा आमतौर पर भारत में लागू लेखांकन मानकों के अनुसार कम्पनी के प्रबंधकों का दायित्व कम्पनी के वे सभी वित्तीय विवरण तैयार करना है। जो कम्पनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादकता तथा रोकड़ प्रवाह की सही जानकारी प्रदान करते हों, जो कि कम्पनी लेखांकन (नियम) 2014, (जो कि भारत में स्वीकार्य है) लेखांकन सिद्धांतों, जो कि अधिनियम की धारा 133 में वर्णित हैं, के अनुरूप कम्पनी नियमावली (लेखा मानक 2006 के अनुसार स्वीकार्य है।)

इसमें वे सभी दायित्व सम्मिलित हैं जो अधिनियम के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने तथा उनका प्रस्तुतीकरण करने हेतु कम्पनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तैयार कर उसे लागू करने तथा बनाये रखना है, जिससे कम्पनी के वित्तीय लेखों की सही जानकारी प्रदान करें तथा जो धोखेबाजी या त्रुटिपूर्ण तथ्यात्मक गलत कथनों से मुक्त हों (जिसमें कि लेखांकन सिद्धांतों का सही चुनाव और क्रियान्वयन, उचित और तर्कसंगत अनुमान लगाना और आंतरिक वित्तीय नियंत्रण से सम्बन्धित एक प्रक्रिया बनाना, उसे लागू करना और उसे बनाये रखना शामिल है।) जिसमें एक उचित व पारदर्शी वित्तीय विवरण तैयार हो सके।

### अंकेक्षकों का दायित्व

हमारा दायित्व इन वित्तीय विवरणों पर अंकेक्षण के आधार पर अपनी राय प्रकट करना है।

हमने अधिनियम के प्रावधानों, लेखा और लेखा परीक्षक के मानकों एवं अधिनियम के अन्तर्गत बने नियमों एवं अधिनियम की धारा 143(11) के तहत् आदेश के अनुसार, अंकेक्षक रिपोर्ट में सम्मिलित किए जाने वाले विषय को ध्यान में रखा है।

हमने अधिनियम की धारा 143(10) द्वारा अंकेक्षण पर जारी मानकों के अनुसार वित्तीय विवरणों का अंकेक्षण किया है। इन मानकों के लिये आवश्यक है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का पालन करते हुए अंकेक्षण की योजना तथा

उसका निष्पादन इस प्रकार करें जिससे इस बात के लिए आश्वस्त किया जा सके कि वित्तीय लेखे सभी प्रकार के गलत तथ्यात्मक कथनों से मुक्त हैं।

अंकेक्षण में वित्तीय विवरणों में दी गई राशियों तथा प्रकाशित तथ्यों के अंकेक्षण साक्ष्य प्राप्त करना शामिल है। अंकेक्षण के लिए चयनित प्रक्रिया अंकेक्षण के स्व–विवेक एवं निर्णय पर निर्भर करती है, जिसमें वित्तीय विवरणों के सन्दर्भ में कपटपूर्ण या गलती से दिए गए गलत तथ्यात्मक कथनों से सम्बंधित जोखिम की मात्रा का अनुमान लगाना भी शामिल है। ऐसी परिस्थितियों के लिए आवश्यक अंकेक्षण प्रक्रिया तैयार करने हेतु अंकेक्षण इस प्रकार की जोखिम का निर्धारण करने के लिए कम्पनी के उन सभी आंतरिक नियंत्रणों पर विचार करता है जो कम्पनी के वित्तीय लेखे तैयार कर उसके उचित प्रस्तुतीकरण करने में आवश्यक है। परन्तु कम्पनी के आंतरिक नियंत्रण की प्रभावशीलता पर अपने विचार प्रकट करने का उद्देश्य नहीं है। साथ ही अंकेक्षकों का उद्देश्य लेखांकन के लिए प्रयोग की जा रही नीतियों की औचित्यता तथा प्रबंधन के लेखांकन अनुमानों की तार्किकता के साथ–साथ लेखों के सम्पूर्ण प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन करना भी है।

हमारा विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त किये गये अंकेक्षण साक्ष्य अंकेक्षण पर राय प्रकट करने के लिए एक आधार के रूप में पर्याप्त एवं उचित हैं।

**राय**

हमारी राय में एवं हमें प्राप्त जानकारी तथा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, उपरोक्त वर्णित वित्तीय विवरण, मार्च, 2018 को कम्पनी का आर्थिक चिट्ठा, वर्ष समापन की तिथि को लाभ–हानि खाता और वर्ष समापन की तिथि को रोकड़ प्रवाह खाता, आमतौर पर भारत में स्वीकार्य लेखांकन सिद्धातों के अनुरूप, अधिनियम के अंतर्गत सत्य एवं निष्पक्ष सूचनायें देते हैं।

**अन्य वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन (रिपोर्ट)**

अधिनियम की धारा 143(3) की आवश्यकतानुसार, हमारी रिपोर्ट निम्न प्रकार हैः–

(अ) हमने वे सभी सूचनायें एवं स्पष्टीकरण मांगे और प्राप्त किये गये हैं जो हमारी जानकारी में अंकेक्षण के उद्देश्य से आवश्यक थे।

(ब) हमारी राय में कम्पनी ने वैधानिक रूप से आवश्यक सभी लेखे उचित तरीके से बना रखें है जोकि हमारे द्वारा लेखा पुस्तकों के किये गये परीक्षण से प्रकट होता है।

(स) इस रिपोर्ट में वर्णित कम्पनी का आर्थिक चिट्ठा, लाभ–हानि खाता तथा रोकड़ प्रवाह विवरण कम्पनी की लेखा पुस्तकों के अनुरूप हैं।

(द) हमारी राय में उपरोक्त वित्तीय विवरण, अधिनियम की धारा 133 में निर्धारित लेखा मानकों के अनुरूप है।

(य) 31 मार्च, 2018 को कम्पनी के निदेशकों से प्राप्त लिखित प्रस्तुतीकरण तथा निदेशक मण्डल के 31 मार्च, 2018 को रिकार्ड के अनुसार कोई भी निदेशक अधिनियम की धारा 164(2) के अनुसार निदेशक नियुक्त होने के लिए अयोग्य नहीं है।

(र) कम्पनी के वित्तीय प्रतिवेदनों पर उपयुक्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के संदर्भ में तथा इस प्रकार के नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता के लिए हमारी पृथक रिपोर्ट ''अनुलग्नक अ'' को देखें। हमारी रिपोर्ट बिना किसी बदलाव के कम्पनी के वित्तीय प्रतिवेदनों के आन्तरिक वित्तीय नियन्त्रणों की उपयुक्तता तथा परिचालन प्रभावशीलता पर हमारी राय प्रकट करती है।

(ल) कम्पनीज (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार अंकेक्षक की रिपोर्ट में सम्मिलित किए जाने वाले अन्य विषय के सन्दर्भ में हमें प्रदान की गई सूचनाऐं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार –

1. कम्पनी के विरूद्ध ऐसा कोई भी विवाद जारी नहीं है जो कम्पनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करता हो। वित्तीय विवरण के नोट 28 के क्रम में।

2. कम्पनी का कोई भी व्युत्पन्न संविदाओं सहित दीर्घकालीन अनुबन्ध नहीं है जिसके कारण कोई महत्वपूर्ण अनिवार्य हानियाँ हो।

3. कम्पनी के द्वारा निवेशक शिक्षा संरक्षण निधि में कोई राशि हस्तांतरित नहीं की गई है।

2. अधिनियम की धारा 143 (11) के तहत केन्द्र सरकार द्वारा जारी कम्पनी (अंकेक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2016 (''आदेश'') के अन्तर्गत, हमने आदेश के पैराग्राफ 3 एवं 4 में वर्णित मुद्दों पर विवरण ''अनुलग्नक ब'' में दिया गया है।

3. कम्पनी अधिनियम, 1956 के भाग IXA की धारा 581ZG में वर्णित मुद्दों (कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 465 के अनुसार, कम्पनी अधिनियम के भाग IXA के प्रावधान प्रोड्यूसर कम्पनी पर लागू होंगे जिस प्रकार अधिनियम, 1956 में लागू थें जब तक कि उन्हें निरस्त नहीं किया जाता) पर हमनें विवरण ''अनुलग्नक स'' में दिया है।

कृते एस. बी. बिल्लीमोरिया एण्ड कं.
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
(Registration No. 101496W)

ह./–
जितेन्द्र अग्रवाल
साझेदार
(Membership No. 87104)

स्थान : गुरूग्राम
दिनांक : 10 अगस्त, 2018

# स्वतंत्र अंकेक्षकों के प्रतिवेदन (रिपोर्ट) का अनुलग्नक – (अ)

**(हमारी समतिथि की अंकेक्षण रिपोर्ट 'अन्य वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं' के अन्तर्गत पैराग्राफ 1 (f) में निर्दिष्ट)**

## कम्पनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) की धारा 143 की उपधारा 3 के अनुच्छेद (I) के तहत वित्तीय प्रतिवेदनों के आन्तरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2018 को सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, (कम्पनी) के वित्तीय प्रतिवेदन के आन्तरिक वित्तीय नियंत्रणों का उक्त तिथि को समाप्त वर्ष पर कम्पनी के वित्तीय विवरणों के साथ अंकेक्षण किया है।

### आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के संदर्भ में प्रबन्धन का दायित्व

कम्पनी का प्रबन्धन कम्पनी द्वारा प्रतिपादित वित्तीय प्रतिवेदन मानदण्डों पर आंतरिक नियंत्रणों के आधार पर कम्पनी में आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने एवं बनाये रखने के लिए उत्तरदायी है जोकि भारतीय चार्टर्ड एकांउटेंट्स संस्थान द्वारा वित्तीय प्रतिवेदनों पर आन्तरिक वित्तीय नियंत्रणों के अंकेक्षण हेतु दिशा निर्देश लेख में उल्लेखित है। इन दायित्वों में उचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की संरचना, उन्हें लागू करना तथा उन्हें बनाये रखना सम्मिलित है जोकि नियमित रूप से कुशलतापूर्वक व्यवसाय के संचालन में प्रभावी रूप से चल रहे थे जिसमें कम्पनी की नीतियों का पालन, कम्पनी की संपत्तियों की सुरक्षा, त्रुटियों एवं धोखों की रोकथाम तथा पता लगाने, लेखों की पूर्णता एवं सत्यता तथा कम्पनी अधिनियम 2013 के तहत आवश्यक विश्वसनीय वित्तीय सूचनायें समय पर तैयार करना शामिल है।

### अंकेक्षकों का दायित्व

हमारा दायित्व अपने अंकेक्षण के आधार पर कम्पनी के वित्तीय प्रतिवेदनों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के संदर्भ में अपनी राय प्रकट करना है। वित्तीय प्रतिवेदनों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए भारतीय चार्टर्ड एकाउटेंट्स संस्थान द्वारा वित्तीय प्रतिवेदनों पर आन्तरिक वित्तीय नियंत्रणों के अंकेक्षण हेतु दिशानिर्देश लेख (''दिशानिर्देश लेख'') तथा कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(10) के तहत अंकेक्षण हेतु निर्धारित मानदण्डों द्वारा जारी किये गये दिशानिर्देश जो कम्पनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर जिस सीमा तक लागू होते हैं, का हमने अंकेक्षण किया है। वे मानक तथा दिशा निर्देश चाहते है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का पालन करें तथा योजना बनाकर उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए अंकेक्षण करें कि वित्तीय प्रतिवेदनों पर उचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रतिपादित कर रख–रखाव किया गया है और इस प्रकार के नियंत्रणों को सभी महत्वपूर्ण मामलों में प्रभावी तरीके से परिचालित किया गया है।

हमारे अंकेक्षण में वित्तीय प्रतिवेदनों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की उचितता एवं परिचालन प्रभावशीलता के संदर्भ में अंकेक्षण के साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रिया का निष्पादन करना, वित्तीय प्रतिवेदनों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को समझना, जोखिम का निर्धारण करना कि कोई महत्वपूर्ण कमी तो नहीं है, तथा आंकलित जोखिम के आधार पर परिचालनात्मक प्रभावशीलता की आंतरिक नियंत्रण की संरचना का विश्लेषण तथा जांच आदि सम्मिलित है। चयनित प्रक्रियाऐं अंकेक्षकों के निर्णयों पर निर्भर करती है, जिनमें वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत कथनों की जोखिम का निर्धारण सम्मिलित है, चाहे वह धोखे या गलतियों से हो।

हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त किये गये अंकेक्षण साक्ष्य पर्याप्त है तथा वित्तीय प्रतिवेदनों पर कम्पनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पद्धति के लिए हमारी राय हेतु आधार प्रदान करने के लिए उपयुक्त है।

**वित्तीय प्रतिवेदनों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का आशय**

एक कम्पनी के वित्तीय प्रतिवेदनों की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसकी रचना वित्तीय प्रतिवेदनों की विश्वसनीयता के संदर्भ में उचित आश्वासन प्रदान करने तथा सामान्य तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धान्तों के अनुसार बाह्य उद्देश्यों हेतु वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए की गई है। कम्पनी के वित्तीय प्रतिवेदनों की आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों में वे नीतियां एवं प्रक्रियाएं सम्मिलित है जो (1) लेखा के रखरखाव से सम्बन्धित है, उपर्युक्त विवरण के साथ, व्यवहारों को सही एवं उचित तरीके से प्रतिबिम्बित करती है तथा कम्पनी की संपत्तियों का निपटारा करती है (2) उचित आश्वासन प्रदान करती है कि सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धान्तों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए व्यवहारों की आवश्यकतानुसार प्रविष्टि की गई है तथा कम्पनी के आय एवं व्यय प्रबन्धकों एवं निदेशकों के अधिकृत करने के अनुसार ही किये जा रहे है तथा (3) कम्पनी की सम्पत्तियों का अनाधिकृत रूप से हासिल करने, उपयोग करने, निपटारा करने के बारे में समय से पता लगाने या रोकने के लिए उचित आश्वासन प्रदान करें, जिनका महत्वपूर्ण प्रभाव वित्तीय विवरणों पर पड़ता हो।

**वित्तीय प्रतिवेदनों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पूर्व से चली आ रही सीमायें**

वित्तीय प्रतिवेदनों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पूर्व से चली आ रही सीमाओं के कारण जिसमें मिलीभगत की संभावना या अनुचित प्रबन्धन जो नियंत्रणों पर हावी है, गलती या धोखे से महत्वपूर्ण गलत कथन हो सकते है और जिनका पता नहीं लगाया जा सके। भावी अवधियों के वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी भी प्रकार के पूर्वानुमानों के विश्लेषण को परिस्थितियों में बदलाव या नीतियों अथवा प्रक्रिया की पालना के परिणाम को दूषित कर सकता है।

**राय**

हमारी राय में, हमारी उपयुक्त जानकारी एवं दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी के सभी महत्वपूर्ण मामलों में वित्तीय प्रतिवेदनों पर उचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पद्धति है तथा इस प्रकार के वित्तीय प्रतिवेदनों पर 31 मार्च, 2018 को आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रभावी रूप से संचालित है तथा कम्पनी द्वारा प्रतिपादित वित्तीय प्रतिवेदनों के आंतरिक नियंत्रणों के मानदण्डों के आधार पर आंतरिक नियंत्रणों के मूलभूत तत्वों को ध्यान में रखते हुए भारतीय चार्टर्ड एकाउटेंट संस्थान द्वारा वित्तीय प्रतिवेदन के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के अंकेक्षण पर जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप है।

कृते एस. बी. बिल्लीमोरिया एण्ड कं.
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
(Registration No. 101496W)

ह./–
जितेन्द्र अग्रवाल
साझेदार
(Membership No. 87104)

स्थान : गुरूग्राम
दिनांक : 10 अगस्त, 2018

## स्वतंत्र अंकेक्षकों के प्रतिवेदन (रिपोर्ट) का अनुलग्नक – (ब)

**(हमारी समतिथि की अंकेक्षण रिपोर्ट 'अन्य वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं' के अन्तर्गत पैराग्राफ 2 में निर्दिष्ट)**

(i) कम्पनी की अचल संपत्तियों के सम्बन्ध में :–

अ. कम्पनी ने अचल संपत्तियों का विवरण, मात्रा तथा उनकी स्थितियों को दर्शाने के लिए उचित अभिलेख बना रखे हैं।

ब. वर्ष के दौरान कम्पनी प्रबन्धन के द्वारा अचल सम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन एक नियमित सत्यापन कार्यक्रम के तहत किया गया है, जिसमें संपत्तियों के भौतिक सत्यापन हेतु दिया गया अंतराल हमारी राय में सही है। हमें प्रदान की गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार इस प्रकार के सत्यापन में किसी भी प्रकार के सत्यापन में किसी भी प्रकार की कोई महत्वपूर्ण विसंगति नहीं पाई गई है।

स. हमें प्रदान की गई सूचनाओं एवं दिये गये स्पष्टीकरण तथा हमारे द्वारा लेखों के किये गये परीक्षण के अनुसार कम्पनी के नाम कोई भी भूमि व भवन नहीं है इसलिए CARO 2016 के अनुच्छेद (i) (c) के तहत् रिपोर्टिंग लागू नहीं होती।

(ii) हमें दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार वर्ष के दौरान कम्पनी प्रबन्धन द्वारा स्टॉक का उचित अंतराल पर भौतिक सत्यापन किया है तथा भौतिक सत्यापन में किसी भी प्रकार की कोई महत्वपूर्ण विसंगति नहीं पाई गई है।

(iii) कम्पनी ने किसी भी कम्पनियों, फर्मों, सीमित दायित्व फर्म या कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के रजिस्टर में आवृत किसी भी पक्षकार को किसी भी प्रकार का कोई सुरक्षित या असुरक्षित ऋण नहीं दिया है।

(iv) कम्पनी ने किसी भी प्रकार का कोई ऋण, निवेश एवं गारंटी प्रदान नहीं की है इसलिए CARO 2016 के अनुच्छेद (iv) के तहत् रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है।

(v) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने किसी भी प्रकार की कोई सार्वजनिक जमायें स्वीकार नहीं की है, इसलिए CARO 2016 के अनुचछेद (v) के तहत् रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है।

(vi) कम्पनी के व्यवसाय तथा क्रियाओं की प्रकृति को देखते हुए, CARO 2016 के अनुच्छेद (vi) के तहत् रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है।

(vii) वैधानिक देय के सम्बन्ध में हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार :–

अ. कम्पनी नियमित रूप से निर्विवाद तौर पर देय वैधानिक दायित्वों की राशियों जैसे भविष्य–निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, विक्रय कर, सेवाकर, वैट, सेस, वस्तु एवं सेवाकर तथा अन्य कोई भी कम्पनी पर लागू होने वाले महत्वपूर्ण वैधानिक दायित्वों आदि का उपयुक्त अधिकरण को नियमित भुगतान करती रही है। हमें सूचित किया गया है कि कम्पनी द्वारा इस वर्ष के दौरान किये गये कार्यों के कारण किसी भी प्रकार का कोई सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क जैसा कोई दायित्व उत्पन्न नहीं हुआ है।

ब. 31 मार्च, 2018 को ऐसी कोई भी निर्विवाद राशि देय नहीं है, जैसे भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, विक्रय कर, सेवाकर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, सेस, वस्तु एवं सेवाकर तथा अन्य महत्वपूर्ण वैधानिक देय, जिसको भुगतान की जाने की तारीख से 6 माह हो गये हो।

स. आय कर, विक्रय कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं वैट की ऐसी कोई भी राशि 31 मार्च, 2018 को देय नहीं है जिसे किसी विवाद के कारण जमा नहीं कराया गया हो।

(viii) हमारी राय में एवं हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों की ऋण या उधार की वापसी अदायगी में कोई चूक नहीं की हैं। कम्पनी ने सरकार से किसी प्रकार का कोई ऋण नहीं लिया है एवं ना ही कोई ऋण–पत्र (डिबेंचर) जारी किये हैं।

(ix) कम्पनी ने प्रारम्भिक सार्वजनिक प्रस्ताव या अतिरिक्त सार्वजनिक प्रस्ताव (ऋण उपकरणों सहित) या अवधि ऋण से किसी भी प्रकार की राशि एकत्र नहीं की है।

| | एक वर्ष बाद देय पर पाँच वर्ष बाद देय नहीं | 194,79,228 | 6,650,737 |
| | पाँच वर्ष बाद देय | 75,19,863 | – |
| | | 3,15,21,801 | 10,920,416 |

**Note 31 : प्रति समता अंश आय** (राशि ₹ में)

| क्र. सं. | विवरण | Unit | 31 मार्च, 2018 को स्थिति | 31 मार्च, 2017 को स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| | कर के बाद शुद्ध लाभ | रूपये | 12,14,83,190 | 17,901,060 |
| | वर्ष के दौरान भारित औसत अर्द्ध समता अंशों की संख्या | संख्या | 15,92,350 | 1,021,831 |
| | प्रति समता अंश का न्यूनतम मूल्य | रूपये | 100 | 100 |
| | प्रति अंश समता मूल आय | रूपये | 76.29 | 17.52 |
| | डायल्यूटेड आय की गणना हेतु प्रयोग किये गए समता अंश | संख्या | 15,94,960 | 1,022,050 |
| | प्रति अंश डायल्यूटेड आय | रूपये | 76.17 | 17.51 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

**Note 32 : सरकारी अनुदान का विवरण** (राशि ₹ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2018 को स्थिति | 31 मार्च, 2017 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| | अनुदान का विवरण एन.डी.डी.बी. और एन.डी.डी.बी.–डेयरी सेवाएं और इसके उपयोग से प्राप्त इस प्रकार है: | | |
| | (a) प्रारम्भिक शेष | (68,73,315) | 11,608,088 |
| | (b) वर्ष के दौरान प्राप्त | 1815,18,416 | 314,920,481 |
| | | 1746,45,101 | 326,528,569 |
| | (c) पूँजी पर सम्पत्ति के लिये | 84,92,156 | 128,792,613 |
| | (अ) पूँजीगत सम्पत्ति | – | – |
| | अचल सम्पत्ति | – | – |
| | सम्पत्ति इन्सटालेशन के तहत | 84,92,156 | 128,792,613 |
| | पूँजी अग्रिम | | |
| | | 1632,35,757 | 204,609,272 |
| | (ब) राजस्व खर्च के लिए कुल इस्तेमाल किया गया (i) + (ii) | 1717,27,913 | 333,401,885 |
| | शेष (अ+ब–स) | 29,17,188 | (68,73,315) |

**Note :**

पूँजीगत संपत्तियों की खरीद के लिए उपयोग किये गये अनुदान को स्थगित अनुदान के रूप में दर्ज किया गया है और उपयोग किये जाने वाले राजस्व अनुदान को संबन्धित व्यय के साथ हटा दिया गया है (Note 2K देखें)

**Note 33 :**

**सम्बन्धित पक्ष प्रकटीकरण :–**

**(a). सम्बन्धित पक्ष का नाम एवं सम्बन्ध का स्वरूप**

| सम्बन्ध का स्वरूप (Nature of Relationship) | सदस्य का नाम (Name of Person) सम्बन्ध |
|---|---|
| मुख्य प्रबंधक अधिकारी (के.एम.पी.) | डॉ. ऋषि राज सिंह<br>मुख्य कार्यकारी |

**(b). उपरोक्त सम्बन्धित पक्ष से वर्ष के दौरान लेन–देन की मात्रा एवं स्वरूप का विवरण निम्न है।**

| Nature of Transactions | KMP | Total (रूपये) |
|---|---|---|
| प्रबंधक पारिश्रमिक | 34,88,156<br>(32,74,992) | 3,274,992<br>(3,239,934) |

**(ब्रैकेट में आँकड़ें पिछले वर्ष संख्याओं का प्रतिनिधित्व करते है)**

**Note 34 :**

प्रबंधक के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आपूर्तिकर्ताओं से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी उद्योग अनिधिनम, 2006 (MSMED Act) के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना के आधार पर कोई भी आपूर्तकर्ता सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी उद्योग विकास अधिनियम, 2006 के अंतर्गत पंजीकृत नहीं है, इसलिए उक्त अधिनियम के तहत कंपनी की कोई भी रही बकाया नहीं है।

**Note 35 :**

कंपनी दुग्ध तथा पशु आहार के व्यवसाय से सम्बन्धित है। खण्ड सूचना के लेखा मानकों AS–17 के अनुसार प्रकटीकरण की कंपनी को कोई आवश्यक नहीं है, क्योंकि कंपनी एक ''व्यावसायिक गतिविधि'' से सम्बन्धित है तथा एक ही भौगोलिक क्षेत्र में कार्यरत है।

**Note 36 :**

गतवर्ष 31 मार्च 2018 के लिये निदेशकों ने अपनी बैठक में जो 10 अगस्त 2018 को हुयी थी जिसमें लाभांश 1,48,53,200 (रू. 8 प्रति शेयर) लाभांश शेयर धारकों के साधारण सभा में प्रस्ताव पारित होने के बाद दिया जायेगा। इसलिए आर्थिक चिट्ठे में शामिल नहीं किया है। प्रस्तावित लाभांश उन सभी शेयर धारकों को मिलेगा जिन्होंने अपने शेयर अंश का पूर्ण भुगतान किया हुआ है। कुल लाभांश 1,48,53,200 है और उस पर कर 30,53,119 है।

**Note 37 :**

कम्पनी ने अंश आवेदन धनराशि के रूप में रू. 2,61,000/– प्राप्त किये है। जिसका आवंटन 26 जून, 2018 की बोर्ड बैठक में किया गया था।

**Note 38 :**

पिछली अवधि के आंकड़े फिर से एकजुट कर दिया है / जहाँ आवश्यक चालू वर्ष के वर्गीकरण / प्रकटीकरण के साथ अनुरूप करने के लिए पुनवर्गीकृत कर दिया गया है।

**कृते निदेशक मंडल**

ह./–
**महेश चन्द्र**
निदेशक

ह./–
**डॉ. ऋषिराज सिंह**
मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक

**ह./–**
**वरूण वर्मा**
कम्पनी सचिव

ह./–
**सुदीप कुमार भौमिक**
वरिष्ठ वित्त प्रबन्धक

स्थान : आगरा
दिनांक : 10 अगस्त, 2018

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

**Note 13 : अचल सम्पत्ति**

| | विवरण | Gross Block | | | Accumulated Depreciation | | | Net Block | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | As at April 1, 2017 | Additions | As at March 31, 2018 | As at April 1, 2017 | Depreciation Charge | As at 31 March, 2018 | As at 31 March, 2018 | As at 31 March, 2017 |
| (a) | **मूर्त सम्पत्ति (स्वामित्व)** | | | | | | | | |
| | सयंत्र एवं उपकरण | 43,85,52,460 | 139,60,411 | 4525,12,871 | 105,135,375 | 546,00,233 | 1597,35,608 | 2927,77,263 | 3334,17,085 |
| | | (31,60,64,390) | (1224,88,070) | (4385,52,460) | (58,615,065) | (465,20,310) | (1051,35,375) | (3334,17,085) | (2574,49,325) |
| | फर्नीचरण व फिक्सचर | 2,76,76,127 | 31,620 | 277,07,747 | 26,211,744 | 1,45,847 | 263,57,591 | 13,50,156 | 14,64,383 |
| | | (1,37,80,746) | (138,95,381) | (276,76,127) | (12,269,497) | (139,42,247) | (262,11,744) | (14,64,383) | (15,11,249) |
| | दफ्तर के उपकरण | 37,83,807 | 2,23,290 | 40,07,097 | 522,864 | 3,61,242 | 8,84,106 | 31,22,991 | 32,60,943 |
| | | (30,41,557) | (7,42,250) | (37,83,807) | (118,263) | (4,04,601) | (5,22,864) | (32,60,943) | (29.23.294) |
| | कम्प्यूटर | 14,12,23,489 | 117,72,395 | 1529,95,884 | 52,054,460 | 457,66,188 | 978,20,648 | 551,75,236 | 891.69.029 |
| | | (6,83,94,841) | (728,28,648) | (1412,23,488) | (15,091,135) | (369,63,325) | (520,54,460) | (891,69,028) | (533.03.706) |
| | **कुल (A)** | 61,12,35,883 | 259,87,715 | 6372,23,599 | 1839,24,443 | 1008,73,510 | 2847,97,953 | 3524,25,646 | 4273,11,440 |
| | **गत वर्ष** | (4012,81,534) | (2099,54,349) | (6112,35,883) | (860,93,960) | (978,30,483) | (1839,24,443) | (4273,11,440) | (3151,87,574) |
| (b) | नोट : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े पिछले अवधि संख्या का प्रतिनिधित्व करता है। | | | | | | | | |
| | अमूर्त संपत्ति | 295,59,113 | 46,47,544 | 342,06,657 | 50,09,975 | 104,51,156 | 154,61,131 | 187,45,525 | 245,49,138 |
| | (अन्य स्वयं उत्पन्न की तुलना में) कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर | (2,780,196) | 26,778,917 | 29,559,113 | 303,571 | 4,706,404 | 5,009,975 | 24,549,138 | 2,476,625 |
| | **कुल (B)** | 295,59,113 | 46,47,544 | 342,06,657 | 50,09,975 | 104,51,156 | 154,61,131 | 187,45,525 | 245,49,138 |
| | **गत वर्ष** | (27,80,196) | (267,78,917) | (2,95,59,113) | (3,03,571) | (47,06,404) | (50,09,975) | (245,49,138) | (24,76,625) |
| | | | | | | | | | |
| | **(A+B)** | 6407,94,996 | 306,35,259 | 6714,30,256 | 1889,34,419 | 1113,24,666 | 3002,59,085 | 3711,71,171 | 4518,60,578 |

**नोट :**

| | | 31 मार्च, 2018 को स्थिति | 31 मार्च, 2017 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (i) | मूल्यह्रास और परिशोधन खर्च | | |
| | मूर्त संपत्ति | 1008,73,510 | 97,830,483 |
| | अमूर्त संपत्ति | 104,51,156 | 4,706,404 |
| | कम मूल्य ह्रास की संपत्ति से सम्बन्धित अनुदान से | 532,28,607 | 53,356,905 |
| | प्राप्त कर लिया | 580,96,059 | 49,179,982 |

(ii) कोष्ठक में दिये गये आँकड़ें पिछले वित्तीय वर्ष के हैं :–

(iii) पूँजी अनुदान से खरीदी और टेबल के ऊपर नीचे दिए गए हैं में शामिल परिसंपत्तियों का विवरण (ध्यान दें 32 देखें):

| | विवरण | Gross Block | | | Accumulated Depreciation | | | Net Block | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | As at April 1, 2017 | Additions | As at April 31, 2018 | As at April 1, 2017 | Depreciation Charge | As at 31 March, 2018 | As at 31 March, 2018 | As at 31 March, 2017 |
| (a) | **मूर्त सम्पत्ति (स्वामित्व)** | | | | | | | | |
| | सयंत्र एवं उपकरण | 133,840,001 | – | 133,840,001 | 22,613,017 | 149,72,703 | 375,85,720 | 962,54,281 | 1112,26,984 |
| | फर्नीचरण व फिक्सचर | 3,232,782 | 98,771 | 33,31,553 | 345,048 | 3,07,167 | 6,52,214 | 26,79,339 | 28,87,735 |
| | दफ्तर के उपकरण | 25,902,129 | – | 259,02,129 | 25,902,129 | – | 259,02,129 | – | – |
| | कम्प्यूटर | 95,793,402 | 50,49,236 | 1008,42,638 | 34,676,110 | 316,52,626 | 663,28,735 | 345,13,903 | 611,17,292 |
| | **अमूर्त सम्पत्ति** | | | | | | | | |
| | कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर | 17,423,075 | 33,44,149 | 207,67,224 | 2,338,131 | 62,96,112 | 86,34,243 | 121,32,981 | 150,84,944 |
| | **योग** | 27,61,91,389 | 84,92,156 | 2,46,83,545 | 8,58,74,434 | 5,32,28,607 | 13,91,03,041 | 14,55,80,503 | 19,03,16,955 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

(सी.आई.एन. : U01403UP2014PTC066595)
रजिस्टर्ड कार्यालय : क्रॉस रोड्स मॉल, द्वितीय तल, प्लाट नं. 5 एवं 6, सेक्टर–13,
आवास विकास कॉलोनी, सिकन्दरा योजना, सिकन्दरा बोदला रोड,
आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत, दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com, Website : www.saahajmilk.com

## पाँचवीं वार्षिक साधारण सभा की सूचना

**एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के सदस्यों की पाँचवीं वार्षिक साधारण सभा बृहस्पतिवार, 13 सितम्बर, 2018 को पूर्वाहन 11:30 बजे होटल रेडिसन ब्लू, ताज ईस्ट गेट रोड, आगरा–282001, उत्तर प्रदेश, भारत में निम्न कार्यों के लिए होगी :**

1. **31 मार्च, 2018 का अंकेक्षित आर्थिक चिट्ठा लाभ–हानि खाते, रोकड़ प्रवाह विवरण तथा अंकेक्षकों एवं निदेशकों की रिपोर्ट को प्राप्त करके उन पर विचार करना एवं उसे अपनाना एवं इस सम्बन्ध में निम्नलिखित साधरण प्रस्ताव पारित करना :**

   '' प्रस्ताव पारित किया जाता है कि 31 मार्च, 2018 का अंकेक्षित आर्थिक चिट्ठा, लाभ हानि खाते, रोकड़ प्रवाह विवरण, शेड्यूल और नोट्स जो खातों का हिस्सा है, अंकेक्षकों एवं निदेशकों की रिपोर्ट को अनुमोदित एवं अपनाया जाता है।''

2. **कंपनी की समता अंश पूँजी के सीमित लाभांश (डिविडेंड) पर विचार एवं घोषणा करना एवं इस सम्बन्ध में निम्नलिखित साधारण प्रस्ताव पारित करना :**

   ''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि सीमित लाभांश (डिविडेंड) कम्पनी की समता अंश पूँजी पर रूपये 8/– प्रति समता अंश की दर से, 31 मार्च, 2018 तक की अवधि के लाभ में से रू. 100/– वाले पूर्ण प्रदत्त 18,56,650 समता अंशों पर रू. 1.79 करोड़ (जिसमें डिविडेंड डिस्ट्रीब्यूशन टैक्स रू. 0.31 करोड़ शामिल है) वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिये अनुमोदित किया जाता है। इसका भुगतान उन समता अंश धारकों को किया जायेगा जिनका नाम 31 मार्च, 2018 को सदस्यों के रजिस्टर में पंजीकृत है।''

3. **वैधानिक अंकेक्षकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक तय करने के लिये विचार एवं अनुमोदन करना एवं इस सम्बन्ध में निम्नलिखित साधारण प्रस्ताव पारित करना :**

   ''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार मैसर्स एस.बी. बिल्लीमोरिया एण्ड कंपनी, चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स, गुरूग्राम, हरियाणा जिनका आई.सी.ए.आई. पंजीकरण

संख्या–101496 डब्ल्यू है एवं जो हमारे सेवानिवृत्त होने वाले अंकेक्षक हैं, उनकी पुनः नियुक्ति वैधानिक अंकेक्षक के रूप में रूपये 10,00,000/– पारिश्रमिक एवं लागू जी.एस.टी. तथा वास्तविक खर्चों की प्रतिपूर्ति के साथ पाँचवीं आम सभा की समाप्ति से लेकर छठी आम सभा की समाप्ति तक के लिए पुनः नियुक्त किया जाता है।''

4. **1 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2019 तक की अवधि के लिए कंपनी के बजट पर विचार कर उसका अनुमोदन करना एवं इस सम्बन्ध में निम्नलिखित साधारण प्रस्ताव पारित करना :**

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि 01 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2019 तक की अवधि के लिए कंपनी के बजट को वार्षिक साधारण सभा में अनुमोदित किया जाता है।''

5. **श्री उपेन्द्र सिंह (डी.आई.एन. 08198050) की नियुक्ति निदेशक के रूप में करना, जो चक्रिय क्रम से सेवानिवृत्त होंगे और यदि सही माना जाये तो संशोधन सहित अथवा रहित निम्नलिखित साधारण प्रस्ताव पारित करना :**

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि अर्न्तनियमों के अनुच्छेद 9.6 तथा अन्य अर्न्तनियमों के अर्न्तगत एवं कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 581ZA तथा अन्य प्रावधानों सहित (किसी भी प्रकार के वैधानिक संशोधनों या समय–समय पर लागू होने वाले प्रावधानों सहित पुर्न–अध्यादेश), श्री उपेन्द्र सिंह (डी.आई.एन. 08198050) जो ''श्रेणी–ए'' का प्रतिनिधित्व करते हैं को एतद्द्वारा कंपनी में निदेशक नियुक्त किया जाता है, जोकि चक्रीय क्रम के आधार पर सेवानिवृत्त होंगे।''

6. **श्री रवि कुमार दीपक (डी.आई.एन. 08198061) की नियुक्ति निदेशक के रूप में करना, जो चक्रीय क्रम से सेवानिवृत्त होंगे और यदि सही माना जाये तो संशोधन सहित अथवा रहित निम्नलिखित साधारण प्रस्ताव पारित करना :**

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि अर्न्तनियमों के अनुच्छेद 9.6 तथा अन्य अर्न्तर्नियमों के अर्न्तगत एवं कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 581ZA तथा अन्य प्रावधानों सहित (किसी भी प्रकार के वैधानिक संशोधनों या समय–समय पर लागू होने वाले प्रावधानों सहित पुर्न–अध्यादेश), श्री रवि कुमार दीपक (डी.आई.एन. 08198061) जो ''श्रेणी–ए'' का प्रतिनिधित्व करते हैं को एतद्द्वारा कंपनी में निदेशक नियुक्त किया जाता है, जोकि चक्रीय क्रम के आधार पर सेवानिवृत्त होंगे।''

7. **श्री राजकुमार शर्मा (डी.आई.एन. 08198083) की नियुक्ति निदेशक के रूप में करना, जो चक्रीय क्रम से सेवानिवृत्त होंगे और यदि सही माना जाये तो संशोधन सहित अथवा रहित निम्नलिखित साधारण प्रस्ताव**

**पारित करना :**

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि अर्न्तनियमों के अनुच्छेद 9.6 तथा अन्य अन्तर्नियमों के अर्न्तगत एवं कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 581ZA तथा अन्य प्रावधानों सहित (किसी भी प्रकार के वैधानिक संशोधनों या समय–समय पर लागू होने वाले प्रावधानों सहित पुर्न–अध्यादेश), श्री राजकुमार शर्मा (डी.आई.एन. 08198083) जो ''श्रेणी–ए'' का प्रतिनिधित्व करते हैं को एतद्द्वारा कंपनी में निदेशक नियुक्त किया जाता है, जोकि चक्रीय क्रम के आधार पर सेवानिवृत्त होंगे।''

8. **कंपनी की अधिकृत अंश पूँजी में वृद्धि करना और यदि सही माना जाये तो संशोधन सहित अथवा रहित निम्नलिखित साधारण प्रस्ताव पारित करना :**

''निर्णय लिया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 1956 के भाग IX-A से संबंधित प्रावधानों, विशेष रूप से धारा 581H, 581ZQ, 581ZR तथा अन्य लागू प्रावधान, अगर कोई है, तो कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 16 व 94 (किसी भी प्रकार के वैधानिक संशोधनों या समय–समय पर लागू होने वाले प्रावधानों सहित पुर्न–अध्यादेश अथवा कंपनी अधिनियम, 2013 के आवश्यक परिवर्तन जहाँ तक लागू हो सकें) तथा कंपनी के बर्हिनियम एवं अन्तर्नियम के अनुसार, रू. 100/– (एक सौ रूपये) प्रत्येक के अतिरिक्त 10,00,000 (दस लाख) समता अंश लाकर कंपनी की अधिकृत अंश पूँजी को रू. 100/– (एक सौ रूपये) प्रत्येक के 20,00,000 (बीस लाख) समता अंशों में विभाजित रू. 20,00,00,000/– (रूपये बीस करोड़) से बढ़ाकर 100/– (एक सौ रूपये) प्रत्येक के 30,00,000 (तीस लाख) समता अंशों में विभाजित रू. 30,00,00,000/– (रूपये तीस करोड़) किया जाये।

पुनः निर्णय लिया जाता है कि कंपनी के बर्हिनियमों में पुनसंख्याकित अनुच्छेद VI के स्थान पर निम्नलिखित नए अनुच्छेद VI के द्वारा बदलाव किया जाता है।

''VI कंपनी की अधिकृत अंश पूँजी रू. 30,00,00,000/– (रूपये तीस करोड़) है, जो रू. 100/– प्रति अंश के 30,00,000 अंशों में बटी है।''

पुनः निर्णय लिया जाता है कि कंपनी के मुख्य कार्यकारी और कंपनी सचिव को इस प्रस्ताव को लागू करने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही करने तथा इस प्रस्ताव के सम्बन्ध में उत्पन्न होने वाले प्रश्नों, संदेह व समस्याओं को अपने स्वतंत्र विवेकानुसार निष्पादन करने के लिये अधिकृत करने का प्रस्ताव पारित किया जाता है।''

9. **कंपनी के अर्न्तनियमों में संशोधन के लिये मंजूरी देना तथा यदि सही माना जाये तो संशोधन सहित अथवा रहित निम्नलिखित विशेष प्रस्ताव पारित करना :**

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 1956 के भाग IX-A से सम्बन्धित प्रावधानों, विशेष रूप से धारा 581-I, 581-ZQ, 581-ZR तथा अगर कोई है, एवं धारा 31 सहित कंपनी अधिनियम, 1956 के अन्य

लागू होने वाले अन्य प्रावधानों किसी भी प्रकार के वैधानिक संशोधनों तथा समय–समय पर लागू होने वाले प्रावधानों सहित पुर्न अध्यादेश) के साथ कंपनी के बर्हिनियम एवं अर्न्तनियमों के लागू होने वाले वर्तमान कंपनी अर्न्तनियमों को जहाँ तक सम्भव हो सकें निम्न प्रकार से संशोधन किया जा सकता है –

1. वर्तमान अनुच्छेद 4.2 iii को रूपान्तिरित करके पढ़ा जाये।

   कोई भी सदस्य सदस्यता को जारी रखने के योग्य नहीं है, यदि :

   अ. उसका किसी भी प्रकार का व्यावहारिक हित हो जो कंपनी के व्यवसाय के लिए अनुकूल न हो ; या

   ब. जो कर्मचारी लगातार छः महीनों के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में या वर्तमान वित्तीय वर्ष से पूर्व अथवा दो वित्तीय वर्षों में या जिस वित्तीय वर्ष में वह पंजीकृत अथवा नामांकित होने के लिए प्रस्तावित है। उस वित्तीय वर्ष में, कंपनी में संविदात्मक रोजगार के जरिये कार्यरत था।

2. वह निदेशक प्रत्येक वार्षिक आम सभा में चक्रीय क्रम द्वारा सेवानिवृत्त होंगे जिनका कार्यकाल अंतिम नियुक्ति के बाद से सबसे लंबा रहा है परन्तु ऐसे निदेशक जो एक ही तिथि पर निदेशक नियुक्त हुए थे उनमें से निदेशक का चुनाव पर्ची द्वारा किया जायेगा तथा यह शब्द और वाक्य अनुच्छेद 9.6 के उप अनुच्छेद (i) में ''अनुच्छेद 9.5'' शब्द के बाद जोड़े जायेंगे।

3. वह निदेशक पद से हटने के पश्चात्, 3 वर्ष बाद पुनः निदेशक बनने के लिए योग्य होंगे। अनुच्छेद 9.7 में नियुक्त किये गये निदेशक की अवधि इस अनुच्छेद में मानी नहीं जायेगी। यह वाक्य अनुच्छेद 9.6 के उप अनुच्छेद iii में ''लगातार कार्यकाल'' के बाद जोड़ा जाये।

4. वर्तमान अनुच्छेद 9.7 को रूपान्तिरित करके पढ़ा जाये :

   बोर्ड रिक्त पदों को भरने के लिए, बोर्ड एक अतिरिक्त निदेशक नियुक्त कर सकता है परन्तु किसी भी रिक्ति को भरने के लिए चुने गये सदस्य ने कम से कम दो वर्षों में लगातार सदस्यता निरंतरता मानदण्डों को पूरा किया हो तथा जो भी अतिरिक्त निदेशक या निदेशक नियुक्त होगा वो आगामी वार्षिक आम सभा तक ही पद पर निदेशक रह सकता है, या बोर्ड द्वारा निर्धारित कम अवधि के लिए भी निदेशक रह सकता है। ऊपर वर्णित सदस्यों को आगामी दो वर्षों के लिए रिक्त पद को भरने के लिए चयनित नहीं किया जा सकता है।

5. अनुच्छेद 9.16 में, उप अनुच्छेद xii के उपरान्त अनुच्छेद xiii को जोड़ा जाये :

   xiii उसका या उसके रिश्तेदार का, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पिछले दो वित्तीय वर्ष में या वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल बिक्री का या कुल आय का दो प्रतिशत या उससे अधिक, या पच्चीस हजार रूपये या उससे अधिक की राशि जो बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई हो, इन सब में जो भी कम हो, कंपनी के साथ कोई भी लेन–देन है या वित्तीय सम्बन्ध है, सिर्फ (सदस्यता लाभ) को छोड़ के तो निदेशक निर्वाचित हो सकता है।

पुनः प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी के मुख्य कार्यकारी एवं कंपनी सचिव एतदद्वारा पृथक रूप से आवश्यक फार्म कंपनी पंजीयक के पास जमा करवाने तथा ऐसे सभी कार्यों, मुद्दों तथा वस्तुओं और इस प्रस्ताव को प्रभावित करने के लिए जहाँ भी आवश्यक हो ऐसे सभी दस्तावेजों को हस्ताक्षरित व क्रियान्वित करने के लिए अधिकृत किया जाता है।''

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के लिए**
**ह./–**
**वरूण वर्मा**
**कम्पनी सचिव**
**सदस्यता संख्या– ए26119**

**दिनांक :** 10 **अगस्त**, 2018
**स्थान – आगरा**

**टिप्पणी –**

1. कोई भी सदस्य जो वार्षिक आम सभा में उपस्थित होने तथा निर्णय देने का अधिकार रखता है, को अधिकार है कि वह अपने स्थान पर किसी अन्य सदस्य को वार्षिक आम सभा में उपस्थित होने तथा हाथ दिखाकर अथवा पोल पर अपना निर्णय देने के लिए प्रतिनिधि (Proxy) नियुक्त कर सकता है तथा इस प्रतिनिधि (Proxy) के लिए कम्पनी का सदस्य होना आवश्यक है। गैर सदस्यों को प्रतिनिधी के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार के प्रतिनिधि की नियुक्ति के लिए प्रोक्सी फॉर्म (Proxy Form) सही तरह से भरकर, स्टॉम्प लगाकर कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रस्तावित आम सभा के समय से कम से कम 48 घंटे से पूर्व जमा कराया जाना आवश्यक है। प्रोक्सी फॉर्म का खाली प्रारूप संलग्न है।

2. सदस्य/प्रतिनिधी पाँचवी वार्षिक साधारण सभा में भाग लेने के लिए उपस्थिति पर्ची (Attendance Slip) विधिवत भरकर लाने की कृपा करें।

3. प्रत्येक सदस्य को उसके द्वारा ली गई अंश पूँजी और संरक्षता को ध्यान में रखते हुये एक वोट डालने का अधिकार होगा (हाथ दिखाकर अथवा पोल पर) लेकिन उसने अपनी सदस्यता की आधारभूत शर्तों को पूरा कर लिया हो अर्थात् उसने गत वित्तीय वर्ष 2017–18 में कंपनी को कम से कम 200 दिनों में 500 लीटर दूध की आपूर्ति की हो।

4. निम्नांकित दस्तावेज सूचना पत्र के साथ संलग्न हैं–

   अ. निदेशक के पद पर नियुक्त होने वाले प्रत्याशियों के नाम तथा उनकी योग्यताओं का विवरण।

   ब. दिनांक 16 सितम्बर, 2017 को सम्पन्न हुई चतुर्थ वार्षिक आम सभा की कार्यवाही का विवरण।

   स. 31 मार्च, 2018 को समाप्त अवधि का अंकेक्षित आर्थिक चिट्ठा, लाभ–हानि खाता, अंकेक्षकों और निदेशकों की रिपोर्ट।

   द. वित्तीय वर्ष 2018–19 का बजट।

5. जो सदस्य कंपनी के परिचालन से सम्बन्धित या खातों से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं वे अपने प्रश्नों को वार्षिक साधारण सभा से 7 दिन पूर्व कम्पनी सचिव को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में भेज सकते हैं, जिससे कि सभी जानकारियां उन्हें आम सभा में उपलब्ध करायी जा सके।

6. व्याख्यात्मक विवरण (Explanatory Statement) मद संख्या 5, 6, 7, 8 और 9 के लिए सूचना पत्र के साथ संलग्न है।

7. सदस्यों से अनुरोध है कि वह पते के परिवर्तन को पिन कोड तथा मोबाइल नम्बर सहित कंपनी के पंजीकृत

कार्यालय में तुरन्त सूचित करें।

8. इस सूचना में बताये गये दस्तावेजों एवं व्याख्यात्मक विवरण को कार्य दिवसों में प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में वार्षिक साधारण सभा की तिथि तक निरीक्षण किया जा सकता है।

9. सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने पत्राचार में अपना फोलियो संख्या एवं सोलह अंकों का सदस्यता कोड अवश्य लिखें।

10. सीमित लाभांश (डिविडेंड) जैसा कि बोर्ड ने अनुशंसा की है, अगर पारित होता है तो उन सदस्यों को दिया जायेगा जिनका नाम 31 मार्च, 2018 को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में पंजीकृत है।

11. सदस्यों को एतद् दारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 1956 (किसी भी प्रकार के वैधानिक संशोधनों तथा समय–समय पर लागू होने वाले प्रावधानों सहित पुर्न अध्यादेश) की धारा 205ए के प्रावधानों का अनुसरण करते हुए यदि सीमित लाभांश (डिविडेंड) की राशि को उसकी घोषणा से सात वर्षों तक दावा/नकदीकरण नहीं करते है, तो वह राशि निवेशक शिक्षा और संरक्षक निधि (Investor Education and Protection Fund) में हस्तान्तरित कर दी जायेगी।

**कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 581ZA (4) (c) के प्रावधानों का अनुसरण करते हुए, उम्मीदवारी की योग्यता का विवरण जिन्होंने निदेशक पद के लिए अपनी उम्मीदवारी का प्रस्ताव भेजा है–**

मद संख्या 5, 6 और 7

| निदेशक पद के लिए उम्मीदवारों के नाम | योग्यता | योग्यता |
|---|---|---|
| श्री उपेन्द्र सिंह | स्नातक | कृषक एवं पशुपालन |
| श्री रवि कुमार दीपक | इण्टरमीडिएट | कृषक एवं पशुपालन |
| श्री राजकुमार शर्मा | स्नातक | कृषक एवं पशुपालन |

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के लिए**
**ह./–**
**वरूण वर्मा**
**कम्पनी सचिव**
**सदस्यता संख्या– ए26119**

**दिनांक : 10 अगस्त, 2018**
**स्थान – आगरा**

## व्याख्यात्मक विवरण (Explanatory Statement)
## (सूचना पत्र में दी गई मद संख्या 5 से 9 तक सम्बन्धित)

**मद संख्या : 5, 6 और 7**

कंपनी के अर्न्तनियम के अनुच्छेद 9.6 के अर्न्तगत श्री महेशचन्द्र, श्रीमती अखिलेश और श्रीमती सुनीता जो कंपनी के निदेशक है, वो पाँचवी वार्षिक आम सभा में सेवानिवृत्त होंगे।

दिनांक 02 अगस्त, 2018 को हुई नामांकन समिति की बैठक में नामांकन समिति ने निदेशक मंडल को श्री उपेन्द्र सिंह, श्री रवि कुमार दीपक तथा श्री राजकुमार शर्मा (जो ''श्रेणी ए'' के प्रतिनिधि है) को निदेशक के पद पर नियुक्त करने की अनुशंसा की है।

श्री उपेन्द्र सिंह, श्री रवि कुमार दीपक एवं श्री राजकुमार शर्मा, जिनकी योग्यता विवरण कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 581 ZA(4) (C) के अनुसार इस सूचना पत्र के साथ संलग्न है एवं निदेशक पद हेतु योग्य होने के कारण उन्होंने अपनी उम्मीदवारी निदेशक पद के लिए प्रस्तावित की है, जो चयनित होने पर, निदेशक मण्डल में ''श्रेणी–ए'' के सदस्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। यदि उन्हें नियुक्त किया जाता है तो वह चक्रीय क्रम के आधार पर सेवानिवृत्त होंगे।

श्री उपेन्द्र सिंह, श्री रवि कुमार दीपक एवं श्री राजकुमार शर्मा के अतिरिक्त कोई भी निदेशक/अधिकारी अथवा उनके संबंधी का इस प्रस्ताव में किसी भी प्रकार से कोई हित निहित नहीं है।

नामांकन समिति की उपरोक्त अनुशंसा पर निदेशक मंडल मद संख्या 5, 6 और 7 में दिये गये साधारण प्रस्ताव को सूचना पत्र में वर्णित किया गया है तथा सदस्यों द्वारा अनुमोदन करने की अनुशंसा करता है।

**मद संख्या : 8**

वर्तमान समय में कंपनी की अधिकृत पूँजी रू. 20 करोड़ है, और जारी की गई है, अभिदत्त एवं प्रदत्त अंश पूँजी रू. 18.56 करोड़ है। कंपनी की सामान्य व्यवसायिक कार्यप्रणाली में कंपनी की वृद्धि एवं विकास से सम्बन्धित उद्देश्यों की पूर्ति करने के लिये कंपनी की अधिकृत अंश पूँजी को रू. 30 करोड़ तक बढ़ाना आवश्यक है। अतः कंपनी की अधिकृत अंश पूँजी को रू. 30 करोड़ तक बढ़ाने की आवश्यकता है तथा इस उद्देश्य हेतु इसके साथ संलग्न मद संख्या 8 में दिये प्रस्ताव में किये गये वर्णन के अनुसार कंपनी के बर्हिनियमों में बदलने का प्रस्ताव है।

प्रस्ताव में लागू होने वाले वैधानिक प्रावधानों की शर्तों के अनुसार, कंपनी के लिए अधिकृत अंश पूँजी में वृद्धि तथा कंपनी के बर्हिनियमों के पूँजी से सम्बन्धित अनुच्छेद में बदलाव हेतु सदस्यों की स्वीकृति लेना आवश्यक है।

प्रस्तावित संशोधनों के साथ बर्हिनियमों एवं अर्न्तनियमों की एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए आज की दिनांक से मीटिंग की दिनांक तक सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक उपलब्ध होगी।

कंपनी के निदेशकों/अधिकारियों अथवा उनके संबंधी का इस प्रस्ताव में किसी भी प्रकार से कोई हित निहित नहीं है।

निदेशक मण्डल सदस्यों की स्वीकृति हेतु संलग्न किये गये सचूना पत्र की मद सं. 8 में वर्णित साधारण प्रस्ताव की अनुशंसा करते है।

**मद संख्या :9**

कंपनी के वर्तमान अर्न्तनियमों में कुछ संशोधन करने के साथ–साथ, समय–समय पर संशोधित कानूनों के लागू प्रावधानों के अनुरूप लेखों के प्रावधानों को समझने और बेहतर प्रशासन में स्पष्टता लाने के लिए कुछ प्रावधानों को शामिल करने तथा उन्हें प्रतिबिंबित करने की आवश्यकता है। कंपनी के सदस्यों/निदेशकों की नियुक्ति, निरन्तरता और पृथककरण की प्रतिक्रिया में और स्पष्टता लाने के लिए, अस्पष्टता को खत्म करने के लिए और खण्डों को व्यापक अर्थ देने के लिए संशोधन आवश्यक है।

इसलिए प्रस्तावित परिवर्तनों का विवरण प्रारूप विशेष संकल्प में किया गया है, जिसमें बहिर्नियमों में कुछ नये अनुच्छेद को शामिल किया जा रहा है तथा वर्तमान अनुच्छेदों में कुछ परिवर्तन किये जा रहे हैं।

सदस्यों को पुनः सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम के अन्तर्गत धारा 581–I (1) के अनुसार बहिर्नियमों में किया गया कोई भी संशोधन दो तिहाई निदेशकों तथा कंपनी की वार्षिक आम सभा में विशेष प्रस्ताव द्वारा एक सदस्यों द्वारा प्रस्तावित करना अनिवार्य है।

कंपनी के कोई भी निदेशक/अधिकारी या उनसे सम्बन्धित कोई भी रिश्तेदार, किसी भी तरह से इस प्रस्ताव में रूचि नहीं रखते हैं।

निदेशक मण्डल सदस्यों की स्वीकृति हेतु संलग्न किये गये सूचना पत्र की मद संख्या 9 में वर्णित विशेष प्रस्ताव की अनुशंसा करते है।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के लिए**
**ह./–**
**वरूण वर्मा**
**कम्पनी सचिव**
**सदस्यता संख्या– ए26119**

**दिनांक :** 10 अगस्त, 2018
**स्थान – आगरा**

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के सदस्यों की चतुर्थ वार्षिक आम सभा जो शनिवार, दिनांक 16 सितम्बर, 2017 को 11:30 बजे होटल रेडिसन ब्लू, ताज ईस्ट गेट रोड, आगरा–282001, उत्तर प्रदेश, भारत में सम्पन्न हुई, जिसकी कार्य सूची का विवरण निम्न है :

**बैठक में उपस्थित सदस्य –**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री महेश चन्द्र | अध्यक्ष एवं अंशधारक |
| 2. | श्री दिग्विजय सिंह | निदेशक एवं अंशधारक |
| 3. | श्री शिव सिंह | निदेशक एवं अंशधारक |
| 4. | श्री चन्द्र पाल सिंह | निदेशक एवं अंशधारक |
| 5. | श्री मुरारी लाल | निदेशक एवं अंशधारक |
| 6. | श्री सुरेन्द्र कुमार | निदेशक एवं अंशधारक |
| 7. | श्री हरपाल सिंह | निदेशक एवं अंशधारक |
| 8. | श्रीमती अखिलेश | निदेशक एवं अंशधारक |
| 9. | श्रीमती सुनीता | निदेशक एवं अंशधारक |
| 10. | श्री जवाहर लाल | निदेशक एवं अंशधारक |
| 11. | श्री अनिल कुमार | निदेशक एवं अंशधारक |
| 12. | श्री अजय कुमार खोसला | विशेषज्ञ निदेशक |
| 13. | श्री श्रीराम सिंह | विशेषज्ञ निदेशक |
| 14. | श्री ऋषिराज सिंह | मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक |
| 15. | श्री वरूण वर्मा | कंपनी सचिव |

विशेष आमंत्रित :

श्री वाई. वाई. पाटिल : कार्यकारी निदेशक एनडीडीबी

श्री ओमवीर सिंह : प्रबन्ध निदेशक एनडीडीबी–डीएस

व्यक्तिगत और प्रतिनिधि रूप से उपस्थित कुल सदस्यों की संख्या : 21,356

सदस्य व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति : 285

सदस्य प्रतिनिधि रूप से उपस्थित : 21,071

श्री महेश चन्द्र ने बैठक की अध्यक्षता की तथा कोरम पूर्ण होने की घोषणा के पश्चात् बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

कम्पनी की चतुर्थ वार्षिक आम सभा में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों एवं निदेशकों का स्वागत किया।

श्री वरूण वर्मा, कंपनी सचिव ने स्वर्गीय श्री बौबू (फोलियो संख्या – 048480), स्वर्गीय श्री छेदा लाल (फोलियो संख्या – 056663), स्वर्गीय श्री सुनील कुमार (फोलिया संख्या – 043017) तथा स्वर्गीय श्रीमती गिरीजा देवी (फोलियो संख्या – 045790) की मृत्यु के सम्बन्ध में सदस्यों को अवगत कराया। इसके बाद सदस्यों और निदेशकों ने सदस्यों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया।

इसके उपरान्त अध्यक्ष महोदय ने कंपनी के मूल्य, ध्येय एवं दीर्घदृष्टि को पढ़ने के साथ सभा की कार्यवाही को आगे बढ़ाया।

श्री वरूण वर्मा ने घोषणा की कि निदेशक मण्डल की समता अंश पूँजी के विवरण का रजिस्टर, प्रतिनिधि का रजिस्टर, सदस्यों की समता अंश पूँजी का रजिस्टर जाँच के लिए सभा के प्रवेश द्वार पर उपस्थित है अथवा जो सदस्य उसे जाँचना चाहें, वह जाँच सकते है।

चतुर्थ वार्षिक आम सभा को बुलाने का नोटिस जोकि सदस्यों को पहले ही वितरित किया जा चुका था, जिसे सदस्यों की सर्व सम्मति से पढ़ा हुआ मान लिया गया।

अध्यक्ष महोदय ने अपने संदेश को सदस्यों और बैठक में उपस्थित अन्य अतिथिगण को सुनाया।

तत्पश्चात् अध्यक्ष की सहमति पर चतुर्थ वार्षिक आम सभा के नोटिस में निर्धारित कार्यसूची पर कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

बैठक में निम्नांकित व्यापार के बारे में चर्चा की गई।

1. **31 मार्च, 2017 को समाप्त अवधि का अंकेक्षित वित्तीय विवरण (आर्थिक चिट्ठा, लाभ हानि खाते, रोकड़ प्रवाह विवरण एवं नोट्स जो खातों का हिस्सा है) उन पर अंकेक्षकों एवं निदेशकों की रिपोर्ट को प्राप्त करके उन पर विचार करना एवं उसे अपनाना।**

    श्री रामेश्वर (फोलियो संख्या : 0054599) ने निम्नलिखित प्रस्ताव को साधारण प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित

किया।

प्रस्ताव संख्या : 01/चतुर्थ वार्षिक आम सभा : 16–09–2017/17–18

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त अवधि का अंकेक्षित वित्तीय विवरण (आर्थिक चिट्ठा, लाभ हानि खाते, रोकड़ प्रवाह विवरण एवं नोट्स जो खातों का हिस्सा है) उन पर अंकेक्षकों एवं निदेशकों की रिपोर्ट एतद्द्वारा अपनाया जाता है।''

श्री जितेन्द्र कुमार (फोलियो संख्या : 0001527) ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को वोट के लिए रखा जिसको सभी सदस्यों ने हाथ दिखाकर सर्वसम्मति से पारित किया।

2. **कंपनी की समता अंश पूँजी के सीमित लाभांश (डिविडेंड) पर विचार एवं घोषणा करना।**

श्री विजयपाल (फोलियो संख्या : 0047287) ने निम्नलिखित प्रस्ताव को साधारण प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 02/चतुर्थ वार्षिक आम सभा : 16.09.2017/2017–18

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि सीमीत लाभांश (डिविडेंड) कंपनी की समता अंश पूँजी, रूपये 8/– प्रति समता अंश जिसका मूल्य रू. 100/– प्रति अंश है, की दर से वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2017 के लिए देने का अनुमोदन किया जाता है। इसका भुगतान उन सदस्यों को किया जायेगा जिनका नाम 31 मार्च, 2017 को सदस्यों के रजिस्टर में पंजीकृत है।''

श्री सुरेन्द्र (फोलियो संख्या : 0005067) ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को वोट के लिये रखा जिसको सभी सदस्यों ने हाथ दिखाकर सर्वसम्मति से पारित किया।

3. **विचारोपरान्त श्री शिव प्रताप की निदेशक के रूप में नियुक्ति पर विचार एवं अनुमोदन करना।**

श्री जन्देल सिंह पारिहर (फोलियो संख्या : 0033218) जो ''श्रेणी सी'' का प्रतिनिधित्व करते है ने

निम्नलिखित प्रस्ताव को साधारण प्रस्ताव के रूप मं प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 03/चतुर्थ वार्षिक आम सभा : 10.09.2017/2017–18

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी के अर्न्तनियम के अनुच्छेद 9.6 एवं कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 581ZA के अनुसार लागू होने वाले प्रावधनों (किसी भी प्रकार के वैधानिक संशोधनों या समय–समय पर लागू होने वाले प्रावधानों सहित पुर्न अध्यादेश), श्री शिव प्रताप (डी.आई.एन. 07894230) जो ''श्रेणी सी'' का प्रतिनिधित्व करते हैं को श्री हरपाल सिंह, निदेशक की सेवानिवृत्ति के कारण रिक्त हुये पद पर एतद्द्वारा नियुक्त किये जाते हैं, जो कि चक्रिय क्रम के आधार पर सेवानिवृत्त होंगे।''

श्री अखिलेश कुमार (फोलियो संख्या : 0045872) जो ''श्रेणी सी'' का प्रतिनिधित्व करते है, ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को वोट के लिए रखा जिसको ''श्रेणी सी'' के सदस्यों ने हाथ दिखाकर सर्व सम्मति से पारित किया।

**4. विचारोपरान्त श्री रजनीश कुमार की निदेशक के रूप में नियुक्ति पर विचार एवं अनुमोदन करना तथा इस सम्बन्ध में निम्नलिखित सामान्य प्रस्ताव पारित करना।**

श्री शैलेन्द्र कुमार (फोलियो संख्या : 0035416) जो ''श्रेणी सी'' का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने निम्नलिखित प्रस्ताव को साधारण प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 04/चतुर्थ वार्षिक आम सभा : (16.09.2017/2017–18)

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी के अर्न्तनियम के अनुच्छेद 9.6 एवं कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 581ZA के अनुसार लागू होने वाले प्रावधानों (किसी भी प्रकार के वैधानिक संशोधनों या समय–समय पर लागू होने वाले प्रावधानों सहित पुर्न–अध्यादेश), श्री रजनीश कुमार (डी.आई.एन. 07894245) जो ''श्रेणी सी'' का प्रतिनिधित्व करते है को श्री शिव सिंह, निदेशक की सेवानिवृत्ति के कारण रिक्त हुये पद पर एतद्द्वारा कंपनी में निदेशक नियुक्त किये जाते है, जो कि चक्रीय क्रम के आधार पर सेवानिवृत्त होंगे।''

श्री अनूप सिंह (फोलियो संख्या : 0035112) जो ''श्रेणी सी'' का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को वोट के लिए रखा जिसको ''श्रेणी सी'' के सदस्यों ने हाथ दिखाकर सर्व सम्मति से पारित किया।

5. **वैधानिक अंकेक्षकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक तय करने के लिये विचार एवं अनुमोदन करना।**

श्री गजेन्द्र सिंह (फोलियो संख्या : 0028711) ने निम्नलिखित प्रस्ताव को साधारण प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 05/चतुर्थ वार्षिक आम सभा : 16.09.2017/2017–18

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार मैसर्स एस.बी. बिल्लीमोरिया एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स, गुड़गाँव, हरियाणा जिनका आई.सी.ए.आई. पंजीकरण संख्या–101496 डब्ल्यू है एवं हमारे सेवानिवृत्त होने वाले अंकेक्षक हैं, उनको पुनः नियुक्ति वैधानिक अंकेक्षक के रूप में रूपये 7,40,000 (रूपये सात लाख चालीस हजार) वार्षिक पारिश्रमिक एवं लागू होने वाले कर तथा वास्तविक खर्चों की प्रतिपूर्ति के साथ चतुर्थ आम सभा की समाप्ति से लेकर पाँचवीं आम सभा की समाप्ति तक पुनः नियुक्त किया जाता है।''

श्री ग्यान बाबू (फोलियो संख्या : 0049422) ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को वोट के लिये रखा जिसको सभी सदस्यों ने हाथ दिखाकर सर्व सम्मति से पारित किया।

6. **कंपनी के वित्तीय वर्ष 2017–18 के बजट पर विचार कर उसका अनुमोदन करना।**

श्री सुशील कुमार चौहान (फोलियो संख्या : 0013252) ने निम्नलिखित प्रस्ताव को साधारण प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 06/चतुर्थ वार्षिक आम सभा : 16.09.2017/2017–18

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 581 एस (1) (ए) के प्रावधानों का अनुसारण करते हुए वित्तीय वर्ष 2017–18 का बजट, एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है।''

श्री संदीप कुमार (फोलियो संख्या : 0066752) ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को वोट के लिए रखा जिसको सभी सदस्यों ने हाथ दिखाकर सर्व सम्मति से पारित किया।

7. **विचारोपरान्त कंपनी के अर्न्तनियामों में संशोधन के लिए मंजूरी देना।**

श्री कप्तान सिंह (फोलिया संख्या : 0010418) ने निम्नलिखित प्रस्ताव को विशेष प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 07/चतुर्थ वार्षिक आम सभा : 16.09.2017/2017–18

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 1956 के भाग IX-A से सम्बन्धित प्रावधानों के आधार पर विशेष रूप से धारा 581-I, 581-ZQ, 581-ZR तथा धारा 31 सहित कंपनी अधिनियम, 1956 के लागू होने वाले अन्य प्रावधानों (किसी भी प्रकार के वैधानिक संशोधनों तथा समय–समय पर लागू होने वाले प्रावधानों सहित पुनः अध्यादेश) के साथ कंपनी बर्हिनियम एवं अर्न्तनियमों के लागू होने वाले वर्तमान कंपनी अर्न्तनियमों को जहाँ तक संभव हो सकें, निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

(1) वर्तमान अनुच्छेद 4.3 को रूपान्तरित करके पढ़ा जाए।

4.3 ii इसके अतिरिक्त सदस्यता को जारी रखने के लिए सदस्य योग्य नहीं हैं, यदि

(अ) सदस्य जो किसी भी प्रकार का व्यवसायिक हित रखता हो, जो कंपनी के व्यवसाय के लिए अनुकूल न हो।

(ब) कोई भी सदस्य किसी ऐसे कृत्य में शामिल हो जो कंपनी के व्यापार के लिए हानिकारक है, या जो कंपनी के हित और प्रतिष्ठा को क्षतिग्रस्त कर सकता है।

पुनः निर्णय लिया जाता है कि मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक तथ कंपनी सचिव एतद्द्वारा पृथक रूप से आवश्यक फार्म कंपनी पंजीयक के पास जमा करवाने तथा ऐसे सभी कार्यों, मुद्दों तथा वस्तुओं और इस प्रस्ताव को प्रभावित करने के लिए जहां भी आवश्यक हो ऐसे सभी दस्तावेजों को हस्ताक्षरित व क्रियान्वित करने के लिए अधिकृत किया जाता है।''

श्री नेक राम (फोलियो संख्या : 0036184) ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को वोट के लिए रखा जिसको सभी सदस्यों ने हाथ दिखाकर सर्व सम्मति से पारित किया।

8. अन्य कोई कार्यक्रम नहीं होने के कारण कंपनी की बैठक, अध्यक्ष के आभार के साथ सम्पन्न हुई।

**ह./–**
**महेश चन्द्र**
**अध्यक्ष**
**डी.आई.एन. 06965523**

**तिथि : 9 अक्टूबर, 2017**
**स्थान : आगरा**

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

(सी.आई.एन. : U01403UP2014PTC066595)
रजि. कार्यालय : क्रॉस रोड्स मॉल, द्वितीय तल, प्लाट नं. 5 एवं 6, सेक्टर–13,
आवास विकास कॉलोनी, सिकन्दरा योजना, सिकन्दरा बोदला रोड,
आगरा–282007 उत्तर प्रदेश, भारत, दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com, Website : www.saahajmilk.com

## वित्तीय वर्ष 2018–19 का बजट

### आयगत बजट

| विवरण | इकाई | वित्तीय वर्ष 2018–19 |
|---|---|---|
| (अ) आय | | |
| दुग्ध की मात्रा | किलोग्राम/दिन | 6.05 |
| व्यापार (दुग्ध और दुग्ध उत्पाद) | रुपये लाखों में | 89,875.87 |
| अन्य आय | रुपये लाखों में | 297.41 |
| कुल आय | रुपये लाखों मे | 90,173.28 |
| | | |
| (ब) व्यय | | |
| माल की लागत रूपांतरण सहित | रुपये लाखों में | 78,020.38 |
| स्थिर एवं परिवर्तनशील लागत | रुपये लाखों में | 11,484.88 |
| कुल व्यय | रुपये लाखों में | 89,505.26 |
| | | |
| कर पूर्व लाभ (अ–ब) | रुपये लाखों में | 668.02 |
| | प्रतिशत (%) | 0.74 |

### पूँजीगत बजट

| विवरण | इकाई | वित्तीय वर्ष 2018–19 |
|---|---|---|
| प्रयोगशाला उपकरण | रुपये लाखों में | 6.00 |
| सूचना प्रौद्योगिकी विवरण | रुपये लाखों में | 3.00 |
| कुल व्यय | रुपये लाखों मे | 9.00 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

(सी.आई.एन. : U01403UP2014PTC066595)
रजि. कार्यालय : क्रॉस रोड्स मॉल, द्वितीय तल, प्लाट नं. 5 एवं 6, सेक्टर–13,
आवास विकास कॉलोनी, सिकन्दरा योजना, सिकन्दरा बोदला रोड,
आगरा–282007 उत्तर प्रदेश, भारत, दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com, Website : www.saahajmilk.com

## उपस्थिति पर्ची (Attendance Slip)

फोलियो संख्या : | | | | | | | |

सदस्य कोड : | | | | | | | | | | | | | | | | |
(16 अंकों का)

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड की बृहस्पतिवार, 13 सितम्बर 2018 को पूर्वान्ह 11:30 बजे होटल रेडिसन ब्लू ताज ईस्ट गेट रोड, आगरा–282001, उत्तर प्रदेश, भारत में होने वाली पाँचवीं वार्षिक आम सभा में, मैं अपनी उपस्थिति दर्ज करता/करती हूँ।

| | |
|---|---|
| अंश धारक का नाम : | |
| प्रतिनिधि (Proxy) का नाम :<br>(यदि प्रतिनिधि बैठक में भाग ले रहा है तो) | |

सदस्य/प्रतिनिधि* के हस्ताक्षर/अँगूठे का निशान
* जो लागू नहीं होता है, उसे काट दें।

# सहज™ सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

(सी.आई.एन. : U01403UP2014PTC066595)
रजि. कार्यालय : क्रॉस रोड्स मॉल, द्वितीय तल, प्लाट नं. 5 एवं 6, सेक्टर–13,
आवास विकास कॉलोनी, सिकन्दरा योजना, सिकन्दरा बोदला रोड,
आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत, दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com, Website : www.saahajmilk.com

## प्रॉक्सी फॉर्म (Proxy Form)

फोलियो संख्या : | | | | | | | |

सदस्य कोड :
(16 अंकों का) | | | | | | | | | | | | | | | | |

मैं .................................................................... निवासी ..............................................................
.................................................................... सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड का सदस्य
एतद् द्वारा श्री/श्रीमती ......................................................फोलियो संख्या | | | | | | | |
निवासी ......................................................................................... और उनकी अनुपस्थिति में
श्री/श्रीमती .....................................................................फोलियो संख्या | | | | | | | |
निवासी ............................................................................................... को कम्पनी की बृहस्पतिवार, 13 सितम्बर, 2018 को पूर्वान्ह 11:30 बजे होटल रेडिसन ब्लू, ताज रोड, आगरा–282001, उत्तर प्रदेश, भारत में होने वाली पाँचवीं वार्षिक आम सभा में मेरी तरफ से वोट देने के लिए प्रॉक्सी नियुक्त करता/करती हूँ।

रु. 1/–
का रेवेन्यू
टिकट

सदस्य के हस्ताक्षर/अँगूठे का निशान

दिनांक : ..............................

नोट : ध्यान रहे कि प्रॉक्सी फॉर्म को ऊपर वर्णित आम सभा से 48 घंटे पूर्व कम्पनी के रजिस्टर्ड कार्यालय में पहुँचना आवश्यक है। प्रॉक्सी को कम्पनी का सदस्य होना आवश्यक है।

# नोट्स

# नोट्स

सहज™

# सहज सुदाना अपनाने के फायदे




- BIS मानकों के अनुरूप संतुलित पशु आहार
- स्वस्थ पशु
- दूध के फैट और एस.एन.एफ. में सुधार
- रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि
- दुग्ध उत्पादन में वृद्धि
- दुग्ध उत्पादन लागत में कमी




# सहज शुद्ध दानेदार देशी घी

# सहज मिन अपनाने के फायदे




- पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मृदा संरचना के अनुरूप तैयार किया गया चिलेटेड क्षेत्र विशेष खनिज मिश्रण
- बछिया/पड़िया में बेहतर वृद्धि जिससे कम समय में प्रजनन योग्य
- नर एवं मादा पशुओं की प्रजनन क्षमता में सुधार
- दूध एवं फैट में वृद्धि
- ब्यांत अंतराल में कमी
- रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि
- स्वस्थ नवजात बछिया/पड़िया

**बुक–पोस्ट**

**प्रेषक :**

**सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड**

(सी.आई.एन. : U01403UP2014PTC066595)
रजि. कार्यालय :– क्रॉस रोड्स मॉल, द्वितीय तल, प्लाट नं. 5 एवं 6, सेक्टर–13, आवास विकास कॉलोनी, सिकन्दरा योजना
सिकन्दरा बोदला रोड, आगरा–282007 उत्तर प्रदेश, भारत, दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com, Website : www.saahajmilk.com

**(प्राप्तकर्ता को प्राप्त न होने पर उक्त पते पर वापस भेंजे)**